- ❖ कार्यानुभव आधारित शिविरों का आयोजन करना।
- ❖ स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, प्रभावी प्रार्थना सभा एवं कला शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- ❖ स्थान के सभी प्रभागों को कार्यानुभव की गतिविधियों से जोड़ना।
- ❖ बालकों में ज्ञानार्जन के साथ श्रम के प्रति निष्ठा और सौंदर्य बोध का विकास करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षत करना।
- ❖ शिक्षकों तथा छात्रों हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।

जिला संदर्भ इकाई प्रभाग **(D.R.U.)**-

- ❖ राष्ट्रीय साक्षरता अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सहयोग करना।
- ❖ जनसंख्या शिक्षा, विकलांग ऐकीकृत शिक्षा, विश्व जनसंख्या दिवस आयोजन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।
- ❖ पैरा टीचर्स प्रशिक्षण आयोजित करना।
- ❖ लेब ऐरिया में शैक्षिक उन्नयन हेतु प्रयास करना।

सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षेत्रीय अंतःकिया, नवाचार एवं समन्वय प्रभाग**(I.F.I.C.)**

- ❖ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों हेतु सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।
- ❖ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों हेतु विषय आधारित अंग्रेजी प्रशिक्षण तथा विशेष अभिविन्यास प्रशिक्षण आयोजित करना
- ❖ हिन्दी, संस्कृत विषयों के प्रशिक्षण, कियात्मक अनुसंधान प्रशिक्षणों का आयोजन करना।
- ❖ राज्य स्तरीय अनुसंधान बैठकों का आयोजन।
- ❖ समन्वय समिति बैठक का आयोजन।
- ❖ प्रकाशन तथा प्रसार के अंतर्गत साम्री वितरण, ब्लॉक बैठकों का आयोजन तथा पत्र–वाचन एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन करना।

शिक्षाक्रम, सामग्री निर्माण एवं मूल्यांकन प्रभाग (C.M.D.E.)

- ❖ इस प्रभाग का प्रमुख उद्धेश्य उद्धेश्यनिष्ठ पाठ्यक्रम का विकास करना हैं।
- ❖ कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्य पुस्तकों व शिक्षाक्रम की समीक्षा करना।
- ❖ आनन्ददायी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, जन–प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण, कक्षा 5 व 8वीं बोर्ड प्रश्न–पत्रों का निर्माण एवं अनुसीमन एवं क्विज़ प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- ❖ अधिगम सामग्री निर्माण एवं चयनित विद्यालयों का अवलोकन एवं तद्स्थलीय मार्गदर्शन।

शैक्षिक प्रोद्योगिकी प्रभाग (E.T.)

- ❖ सभी स्तर के शिक्षकों में प्रशिक्षणों द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना।
- ❖ गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के प्रशिक्षण आयोजित करना।
- ❖ शैक्षिक निर्देशन एवं पर्यावरण मेले संबंधी प्रशिक्षणों का आयोजन।
- ❖ अल्प व्यय एवं परिवेशगत शिक्षण सामग्री तैयार करवाना।
- ❖ शैक्षिक प्रोद्योगिकी एवं नवीन तकनीकी साधनों का ज्ञान प्रधान करना।

आयोजना एवं प्रबंध प्रभाग (P.&M.)

- ❖ प्रधानाध्यापक, शाला संकुल प्रधानों एवं खण्ड स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित करना।
- ❖ विद्यालय एवं संकुल योजना निर्माण एवं मूल्यांकन में सहायता करना।
- ❖ शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से परिचित कराना।
- ❖ मंत्रालयिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- ❖ 8 वीं बोर्ड का परिवीक्षण कार्य सम्पन्न करवाना।

सेवा पूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण प्रभाग **(P.S.T.E.)**

- प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का सेवापूर्ण प्रशिक्षण आयोजित करना।
- राजीव गांधी स्वर्ण जयन्ती पाठशालाओं के शिक्षा सहयोगियों एवं शिक्षा कर्मियों के लिए बी.एस.टी.सी. प्रशिक्षण आयोजित करना।
- संस्थान के अन्य प्रभागों के लिए संदर्भ व्यक्ति उपलब्ध कराना एवं सहयोग प्रदान करना।

वर्ष 2002–03में सम्पादित होने वाले प्रभाग वार कार्यक्रमों का विवरण निम्न सारणी में स्पष्ट किया गया है–

14 विद्यालयों की भौतिक स्थिति :–

जिलें में प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं राजीव गांधी विद्यालयों की भवन, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, शौचालय, हैंण्ड पम्प एवं नल सुविधा की मांग एवं योजना अवधि में प्रस्तावित कार्यो का विवरण संलग्न सारणियों में दर्शाया गया है–

2.14.1 राजकीय प्राथमिक विद्यालय

क.सं.	ब्लॉक	भवन विहीन विद्यालय	अति.कक्षा कक्ष	शौचालय	हैंण्ड पम्प	नल कनेक्शन
1	झालरापाटन	60	167	121	80	1
2	खानपुर	40	80	80	80	4
3	सुनेल	40	80	80	80	10
4	डग	40	80	80	80	4
5	बकानी	40	80	80	80	4
6	मनोहरथाना	40	80	80	60	1

(स्त्रोत्– खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी,: बकानी/डग/झा.पाटन/म.थाना/सुनेल/खानपुर)

2.14.2 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय

क.सं.	ब्लॉक	भवन विहीन विद्यालय	अति.कक्षा कक्ष	शौचालय	हैंण्ड पम्प	नल कनेक्शन
1	झालरापाटन	6	185	21	108	15
2	खानपुर	4	150	20	60	5
3	सुनेल	2	150	20	60	5
4	डग	4	150	20	60	5
5	बकानी	4	150	20	60	4
6	मनोहरथाना	4	100	10	60	3

(स्त्रोत्– खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी,: बकानी/डग/झा.पाटन/म.थाना/सुनेल/खानपुर)

14.3 राजीव गांधी स्वर्ण जयन्ती पाठशाला

क.सं.	ब्लॉक	भवन विहीन विद्यालय	अति.कक्षा कक्ष	शौचालय	हैंण्ड पम्प	नल कनेक्शन
1	झालरापाटन	23	14	45	22	
2	खानपुर	21		42	28	
3	सुनेल	25	1	38	31	2
4	डग	65	5	85	74	
5	बकानी	35	2	50	32	2
6	मनोहरथाना	55	6	73	50	
	योग	224	28	333	237	4

(स्त्रोत्– खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी,: बकानी/डग/झा.पाटन/म.थाना/सुनेल/खानपुर)

15 प्रारम्भिक शिक्षा विभाग का प्रशासनिक ढॉचा

झालावाड़ जिले में प्रारम्भिक शिक्षा विभाग का जिला स्तर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी एवं प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी का कार्यालय हैं जिसमें एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उसके अधीन दो अवर उप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यरत हैं ये कार्यालय पूरे जिले की प्रारम्भिक शिक्षा का परिवीक्षण बजट निर्माण तथा शैक्षिक गतिविधियों का संचालन एवं मार्गदर्शन करता है।

ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर अतिरिक्त विकास अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा कार्यरत है जिनके अधीन 2–3 अवर उप जिला शिक्षा अधिकारी कार्यरत हैं। ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने ब्लॉक के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के अध्यापकों का वेतन आहरण–वितरण, स्थानान्तरण, संस्थापन तथा विद्यालय परिवीक्षण आदि कार्य करते हैं।

ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों एवं जन–प्रतिनिधियों की ब्लॉक शिक्षा समिति तथा जिला स्तर पर जिला परिषद में जिला शिक्षा स्थापना समिति होती हैं, जो शिक्षा संबंधी नीतियों पदस्थापन, स्थानान्तरण एवं नीति निर्धारण संबंधी कार्य करती है।

16 अन्य शैक्षिक योजनाये :–

जिले में संचालित अन्य शैक्षिक योजनाएँ निम्न हैं :–

राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम (मध्यान्ह भोजन योजना) :– राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी/अनुदानित/स्वायत शासी संस्थाओं द्वारा संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं राजीव गांधी पाठ शालाओं में कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है।

उद्देश्य : इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनिकरएा, प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन वृद्धि करना, विद्यार्थियों को स्कूल में ठहराव सुकनश्चित करना तथा विद्यार्थियों को पोष्टिक आहार उपलब्ध कराना हैं।

पात्रता : राष्ट्रीय पोषाहार योजना कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत उपस्थिति पर 3 किलोग्राम खाद्य सामग्री(गेहूँ) प्रति माह प्रति छात्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

सम्पर्क अधिकारी : प्रधानाध्यापक–प्राथमिक विद्यालय, खएड़ शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति, विकास अधिकारी पंचायत समिति, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिशद्, जिला कलक्टर, निदेशक पंचायती राज विभाग।

जाति छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रोत्साहन :–

योजनान्तर्गत महाविद्यालयों में अध्ययनरत जनजाति छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाति है ताकि जनजाति छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। मेंधावी छात्राओं तथा अन्य छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

प्रत्येक जनजाति छात्रा को 2500/– रूपये एकमुश्त (250 रूपये प्रतिमाह 10 माह हेतु) प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा में प्रोत्साहन राशि देय है। एक छात्रा को एक ही कक्षा में दो बार लाभान्वित नही किया जावेगा। अर्थात यदि छात्रा किसी कक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाती है तो उसे उसी कक्षा में पुनः लाभान्वित नही किया जावेगा। छात्राऐं जिस जिलें में अध्ययनरत है उसी जिलें के जिला ग्रामीएा विकास अभिकरएा द्वारा लाभान्वित किया जावेगा। कार्यक्रमान्तर्गत यदि छात्रा के माता–पिता आयकर दाता हो तो प्रोत्साहन राशि देय नहीं होगी।

प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए छात्रा महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से अभिकरएा को आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगी। आवेदन पत्र में छात्रा का नाम, पिता का नाम, स्थाई निवास का पता, कोर्स का नाम, कोर्स की अवधि, कक्षा जिसमें छात्रा अध्ययनरत है, महाविद्यालय का नाम, गत उत्तीएा परिक्षा (प्राप्तांक एवं प्रतिशत मय श्रेणी) पत्र व्यवहार का पता, आदि विवरएा सम्मिलित किया जावेगा, आवेदन पत्र के साथ गत वर्ष उत्तीएा परीक्षा की अंक तालिका, जाति प्रमाएा पत्र, संबंधित अधिकारी का संलग्न किया जावेगा।

प्रतिभावान विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति :– जनजाति विद्यार्थियों में प्रतिर्स्पर्द्धा बढ़ाने एवं प्रतिभा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोर्ड/विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेएाी उत्तीएा विद्यार्थियों की अगली कक्षा में प्रतिभावान छात्रवृत्ति दी जाती है।

कक्षा 10 व 12 एवं स्नातक परीक्षा प्रथम श्रेएाी उत्तीर्एा कर कक्षा 11 प्रथम वर्ष स्नातक एवं स्नात्कोत्तर पूर्वाद्ध में नियमित रूप से अध्ययनरत पर 2500/– (250 /– रूप्ये की दर से 10 माह हेतु) एक मुश्त छात्रवृत्ति दी जाती है।

यदि जन जाति विद्यार्थी के माता–पिता आयकर दाता है तो छात्रवृत्ति देय नही होगी।

अन्य शैक्षिक सुविधाएँ :– जिले में प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने ओर सार्वजनीकरण करने हेतु शिक्षा कर्मी परियोजना एवं जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) परियोजना संचालित हैं, इन परियोजनाओं द्वारा शिक्षा कर्मी विद्यालय / वैकल्पिक विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं, इसके साथ–साथ डी.पी.ई.पी. द्वारा राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को भौतिक रूप से समृद्ध करने हेतु भी प्रयास किये जा रहे हैं। डी.पी.ई.पी. द्वारा प्रशिक्षण, निर्माण कार्य तथा अन्य सुविधाओं से शिक्षकों एवं अभिभावकों में नई जागृति का भाव पैदा हुआ हैं।

अध्याय – 3

योजना प्रक्रिया

भूमिका –

सर्व शिक्षा अभियान की आठ वर्षीय प्रस्पेक्टिव योजना में योजना प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण एवं आधारभूत अध्याय हैं। इस अध्याय में ग्राम, संकुल, ब्लॉक तथा जिला स्तरीय विभिन्न बैठकों में उभरने वाले मुद्दे तथा आवश्यकताऐं योजना को प्रमुखता से प्रभावित करती है। आवश्यकताऐं स्थान विशेष की सामाजिक, आर्थिक तथा भौगोलिक परिस्थितियों से संबंधित होती हैं। इनकों एक ग्राम/ ब्लॉक को आधार मानकर सम्पूर्ण ग्रामों/ब्लॉकों की आवश्यकताऐं निर्धारित नहीं की जा सकती। यहीं तथ्य योजना विशिष्ट एवं क्षेत्रपरक स्वरूप प्रदान करता है। संक्षेप में योजना प्रक्रिया की आवश्यकता एवं महत्व को निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट किया जा रहां है :–

i. योजना में समाज के सभी वर्गो की भागीदारी एवं जुड़ाव सुनिश्चित करने हेतु।

ii. योजना निर्माण प्रक्रिया को लोकतांत्रिक, पारदर्शी एवं लक्ष्य आधारित बनाने हेतु।

iii. उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने हेतु।

iv. प्राप्त आवश्यकताओं को संकलित कर लक्ष्य एवं उद्देश्य निर्धारित करने हेतु।

v. लक्ष्यों एवं उद्धेश्यों की प्राप्ति हेतु व्यूह रचना एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने हेतु।

vi. तृणमूल स्तर(Grass Root Level)पर योजना निर्माण सुनिश्चित करने हेतु।

योजना समितियों का गठन :–

जिलें में विभिन्न स्तरों पर आवश्यकताओं के आकलन हेतु ग्राम/ब्लॉक/जिला स्तर पर योजना समितियों का गठन कर बैठकों का आयोजन किया गया है। इन बैठकों में सर्व शिक्षा अभियान के बारे में संक्षिप्त परिचयात्मक जानकारी दी जा कर सर्व शिक्षा अभियान की आवश्यकता एवं महत्व स्पस्ट किया गया। साथ ही सर्व शिक्षा अभियान में आवश्यकता निर्धारित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। मिटिंग/बैठकों के सभी उपस्थित सदस्यों के खुलकर विचार प्रकट करने की आजादी एवं स्थितियां निर्मित की

DOC, N

गई। प्राप्त विचारों को लेख बद्ध कर पूरी बैठक का दस्तावेजीकरण तैयार किया गया बैठक के दस्तावेज में प्रलेखों को निम्नानुसार संकलित किया गया –

i. बैठक में उपस्थित सदस्यों का उपस्थिति विवरण।

ii. बैठक में चर्चा के बिन्दू एवं सदस्यों के विचार/सुझाव आदि।

iii. बैठक के मुख्य छाया चित्र।

iv. बैठक प्रतिवेदन।

ग्राम/शाला स्तर पर बैठक संकुल प्रभारी की देख–रेख एवं अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शाला स्तर पर गठित शाला प्रबन्धन समिति के सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा शाला एवं शाला से जुड़े गांवों की शैक्षिक आवश्यकताओं पर चर्चा की। पूरे जिलें में 96 संकुल प्रभारियों द्वारा 192 शाला स्तर की बैठकें आयोजित की गई। ये बैठके जुलाई 2002 के प्रथम सप्ताह में आयोजित की गई।

ब्लॉक स्तर पर बैठकें जिलें के सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर स्थित खण्ड संदर्भ केन्द्रों पर आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक शिक्षा समिति के सदस्यों/ब्लॉक शिक्षा अधिकारी / खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी द्वारा पूरे ब्लॉक की प्रारम्भिक शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया तथा ब्लॉक की चुनौतियों / अवरोधों पर बिन्दूवार सुझाव प्राप्त किये गये। इन बैठकों का प्रमुख आर्कषण जन–प्रतिनिधियों / समाज सेवी एवं शिक्षा विदों को सर्व शिक्षा अभियान के प्रति जबरदस्त उत्साह एवं जागृति रहां। ये बैठके अगस्त 2002 के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की गई।

दिनांक 25.08.2002 को जिला परिषद हॉल, झालावाड़ में जिला स्तरीय शाषी परिषद की बैठक में विभिन्न समस्याओं एवं डी.पी.ई.पी. के कार्यो की समीक्षा के साथ–साथ सर्व शिक्षा अभियान पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। डी.पी.ई.पी. झालावाड़ द्वारा निर्मित सर्व शिक्षा अभियान के प्रस्पेक्टिव योजना की आवश्कता, महत्व एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में श्री ओम प्रकाश शर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा विस्तार से सदन को अवगत कराया जन–प्रतिनिधियों, शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षा विदों द्वारा जिलें के प्रारम्भिक शिक्षा की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकताओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया। पूरे जिलें में सर्व शिक्षा अभियान योजना के प्रति जबरदस्त उत्साह एवं जागरूकता जन समुदाय एवं आम नागरिक की शिक्षा के प्रति बढ़ती रूचि को बार–बार रेखांकित करती है।

जिला, ब्लॉक, विद्यालय स्तर की समितियों में होने वाले सदस्यों/अध्यक्ष/सचिव निम्नानुसार हैं :–

जिला स्तर पर :–

1. जिला प्रमुख (अध्यक्ष)
2. जिला परियोजना समन्वयक, ड़ी.पी.ई.पी., (सचिव)
3. जिला कलक्टर
4. जिला परिषद की शिक्षा समिति का सदस्य
5. परियोजना निदेशक, विकास
6. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी
7. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारं.), जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक)
8. प्रधानाचार्य, डाईट
9. सेवानिवृत शिक्षाविद् (2)
10. मुख्य चिकित्सा अधिकारी

ब्लॉक स्तर पर :–

1. प्रधान (अध्यक्ष)
2. ब्लॉक सन्दंभ केन्द्र प्रभारी, ड़ी.पी.ई.पी.(सचिव)
3. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
4. पंचायत समिति की शिक्षा समिति के दो सदस्य
5. प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय

विशेष आगन्तुक

6. सी.ड़ी.पी.ओ.
7. ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारी
8. सेवानिवृत अध्यापक

(स) विद्यालय स्तर पर (शाला प्रबन्धन समिति) :–

शाला प्रबन्धन समिति के निम्न सदस्य है –

1. सरपंच/वार्ड पंच (अध्यक्ष)
2. प्र.अ.,प्रा.वि./उ.प्रा.वि./रा.गां.स्व.पा. (सचिव)
3. वार्ड सदस्य – 5 (1 अ.जा.,1 ज.जा., 1 महिला,2 अन्यं)
4. ग्राम सेवक

5. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
6. अध्यापक – 2 (प्र.अ द्वारा मनोनीत)
7. अभिभावक / संरक्षक –2 (प्र.अ द्वारा मनोनीत)

विशेष आगन्तुक

8. ए.एन.एम.
9. सेवानिवृत कर्मचारी
10. सामाजिक कार्यकर्ता

इसके अलावा जिला स्तर पर योजना निर्माण की कोर टीम निम्नानुसार है–

1. जिला परियोजना समन्वयक
2. समस्त सहायक परियोजना समन्वयक
3. समस्त खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी
4. समस्त संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी
5. समस्त शाला प्रबन्धन समिति

शिक्षा अभियान के लक्ष्यों एवं प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा हेतु आयोजित बैठकों का विवरण

तिथि	स्थान	संभागियों का विवरण	बैठक में विचार विमर्श में चर्चित मुख्य बिन्दु
03.07.2002 से07.07. 2002	प्रत्येक संकुल के एक प्रा.एवं एक उ.प्रा.वि.स्तर पर	संकुल प्रभारी एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य	1.संकुल स्तर पर प्रा. स्तर के विद्यालयों को क्रमोन्नत करने की सूची तैयार करना। 2.शिक्षा से वंचित ग्राम वास स्थान में वैकल्पिंक विद्यालय / शिक्षा मित्र / ई.जी. एस. केन्द्र खोलना। 3.उ.प्रा.वि. में निर्माण कार्य एवं शैक्षिक सुविधाओं को देने

			बाबत चर्चा। 4.उ.प्रा.विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षणों के आयोजन पर चर्चा हेतु
11.08.2002 से 13.08. 2002	ब्लौक संदर्भ केन्द्र झा. पाटन/बकानी/खानपुर /सुनेल/डग/म.थाना	खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी, प्रधान एवं ब्लॉक शिक्षा समिति के सदस्य, श्री ओम प्रकाश शर्मा, A.P.C.श्री राजेन्द्र **प्रकाश शर्मा, A.En.**	1.ब्लॉक स्तर पर 2:1 में प्रा.वि. को उ.प्रा.वि. स्तर पर कमोन्नत करने के प्रस्तावों पर चर्चा। 2.शाला विहिन ग्रामों/वास स्थानों में वैकल्पिक विद्यालयों/ब्रिज कोर्स/ई.जी.एस. खोलने पर चर्चा। 3.उ.प्रा.वि. में निर्माण कार्य पर चर्चा । 4.उ.प्रा.स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों हेतु प्रशिक्षणों पर चर्चा। 5.विद्यालय स्तरों पर बालकों के ठहराव एवं गुणवत्ता स्तर उन्नयन पर चर्चा।

25.08.2002	जिला परिषद हॉल, झालावाड़	जिला प्रमुख, विधायक, समस्त प्रधान, जिला शाषी परिषद जिला निष्पादन समिति, के सदस्य, जिला कलक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक, प्रधानाचार्य, डाईट, जिला परियोजना समन्वयक, डी.पी.ई.पी.,डी.पी.ई.पी. के समस्त सहायक परियोजना समन्वयक, सहायक अभियंता एवं समस्त खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी, डी.पी.ई.पी.	1.सर्व शिक्षा अभियान योजना की जानकारी, महत्व एवं उपयोगिता स्पष्ट करना। 2. जिले में 2:1 में प्रा. वि से उ.प्रा.वि. विद्यालयों को क्रमोन्नत करने पर चर्चा। 3 .2003 तक सकल नामांकन 100 प्रतिशत एवं2007तक ठहराव 100 प्रतिशत करने पर चर्चा। 4.विद्यालयों में बालकों के गुणवत्ता स्तर उन्नयन पर चर्चा। 5.जिले में सर्व शिक्षा अभियान योजना में आयोजित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों की जानकारी देना। 6.विद्यालयों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देना। 7. उ.प्रा.वि. में निर्माण कार्यो तथा प्रा.वि. में शेष रहे निर्माण कार्यो पर चर्चा करना।

.3 विभिन्न स्तरों पर बैठकों का आयोजन एवं उनसे प्राप्त प्रतिवेदन :–

सर्व शिक्षा अभियान योजना से संबंधित माह जुलाई 2002 से 25 अगस्त 2002 तक चली ग्राम / ब्लॉक / जिला स्तरीय बैठकों में निम्न तथ्य प्रमुखता से उभर कर सामने आये जिनका विवरण संलग्न सारणी में प्रदर्शित किया गया है –

आयोजित बैठकों का स्तर	बैठक में सदस्यों द्वारा बताई गई कठिनाईयां	बैठक में सदस्यों द्वारा कठिनाईयों के निवारण हेतु दिये गये सुझाव	बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण		
			पुरूष	महिला	योग
ग्राम स्तर(96 संकुलों के 192 ग्रामों में आयोजित बैठकों के सुझाव)	1.उ.प्रा.वि. की संख्या बहुत कम हैं।	1.प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 – 3 उ.प्रा.वि. क्रमोन्नत किये जावे।	1275	826	2301
	2.उ.प्रा.वि. के भवनों की स्थिति अत्यन्त शोचनीय हैं।	2. उ.प्रा.वि. में मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवायें जावे			
	3.उ.प्रा.वि. में वांछित कक्षा कक्षों का अभाव हैं।	3.प्रत्येक उ.प्रा.वि. में न्यूनतम 8 कक्षा कक्ष निर्मित किये जावे।			
	4.उ.प्रा.वि. में शिक्षकों की संख्या मापदण्डों के	4. छात्रों को कक्षा वार शिक्षको की संख्या के हिसाब से शिक्षक लगाये			

	अनुसार नहीं हैं। 5.शिक्षा का गुणात्मक स्तर औसत से भी कम हैं।	जावे। 5.कक्षा में शिक्षण व्यवस्था अच्छी हो तथा छात्रों को रूचिकर तरीके से पढाया जावे। 6.छात्रों को दिये गये ग्रह कार्य की ठीक प्रकार से जांच कराई जावे।			
ब्लॉक स्तर (11.08. 2002से 13.08. 2002तक)	1.प्रा.वि. के अनुपात में उ. प्रा. विद्यालयों की संख्या अत्यन्त कम हैं। 2.उ.प्रा.वि. में कक्षा कक्षों की संख्या अत्यन्त कम हैं। 3.ब्लॉक के कुछ उ.प्रा. विद्यालयों में एक प्रधानाध्यापक एवं एक ही शिक्षक पदस्थापित हैं। 4.उ.प्रा.वि.में चार दिवारी का अभाव हैं	1.पूरे ब्लॉक में 2:1 में उ.प्रा.वि. कमोन्नत किये जावे। 2.अतिरिक्त कक्षा कक्ष दिये जावे। 3.प्रत्येक उ.प्रा.वि. में एक कक्षा हेतु एक शिक्षक दिया जावे। 4.विद्यालयों में चार दिवारी	109	45	154

	जिससे विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण हो रहा हैं। 5.प्रत्येक विद्यालय में उ. प्रा.शिक्षकों को पढ़ाने हेतु शिक्षण सामग्री का अभाव है।	निर्मित की जावे। 5.प्रत्येक उ.प्रा.वि. को सहायक सामग्री उपलब्ध कराई जावे।			
जिला स्तर पर (25. 08.2002)	1.जिले में उ. प्रा.वि. की संख्या अत्यन्त कम है। 2.विद्यालय विहीन गांवों में बालकों को स्कूल से नहीं जोड़ा जा सका हैं। 3.जिले के लगभग तीस उ.प्रा.वि. जीर्ण–शीर्ण भवनों में चल रहें हैं। 4.अधिकांश विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में कक्षा कक्ष नहीं हैं।	1.निर्धारित मापदण्डानुसार विद्यालय क्रमोन्नत किये जावे। 2.समुचित संख्या में वैकल्पिक विद्यालय / ब्रिज कोर्स / ई.जी. एस. केन्द्र खोले जावे। 3.इन विद्यालय के भवनों को उपयोग में लायक नहीं होने से इनको गिराकर नये भवन बनाये जावे। 4.छात्रों की संख्या के अनुपात में विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा	42	15	57

		अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जावे।			
	5.उ.प्रा.वि. में सहायक सामग्री का अभाव हैं।	5(1).उ.प्रा.वि. को डी.पी.ई.पी. की भांति शिक्षकों को टी.एल.एम. राशि 500 रूपये दी जावे। 5(2).प्रत्येक उ.प्रा. वि. को विद्यालय सुविधा अनुदान राशि भी दी जावे।			
	6.शिक्षकों में रूचि का अभाव हैं तथा बालकों को खड़ा कर पाठ पढाते हैं।	6.शिक्षकों को विषय वार प्रशिक्षण दिया जावे।			

3.4 "शिक्षा आपके द्वार" :-

शिक्षा आपेक द्वार कार्यक्रम का शुभारम्भ 19 नवम्बर 2001 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार श्री अशोक गहलोत द्वारा ग्राम सभाओं के माध्यम से हुआ । इससे पूर्व जिला स्तरीय शिक्षा आपके द्वार अभिमुखीकरण कार्यशाला 05। नवम्बर 2001 को तथा 6 से 8 नवम्बर 2001 तक ब्लॉक स्तरीय कार्यशालाऐं आयोजित कर शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी एवं वातावरण निर्माण किया गया। इसके उपरान्त प्रति माह बैठके आयोजित

कर शिक्षा आपके द्वार की कार्ययोजना निर्मित की गई तथा इसको लागू करने बाबत रणनीति तैयार की गई। "प्रशासन गॉवों के संग" के अन्तर्गत 26 जनवरी 2002, 15 मई 2002 एवं 15 अगस्त 2002 को आयोजित ग्राम सभाओं में अन्य मद्दो के साथ गॉवों की शैक्षिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे जिले का शिक्षा दर्पण–2000 सर्वे का आदिनांक कर जिले में कुल शिक्षा से वंचित बालक बालिकाओं की संख्या ज्ञात की गई तथा जुलाई 2002 में इन्हें विद्यालय से जोड़ने हेतु कार्ययोजना निर्मित की गई शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा जिला स्तर पर जिला कलक्टर द्वारा प्रति माह की जाती है संभाग स्तर पर संभागीय आयुक्त द्वारा एवं राज्य स्तर पर मुख्य मंत्री महोदय द्वारा समीक्षा की जाती हैं।

दिनांक 22 से 28 फरवरी 2002 तक प्रतिदिन बाल–उत्सव के अन्तर्गत बाल–फिल्मों का प्रदर्शन कर जिले में शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम के प्रति बालकों एवं अभिभावकों में वातावरण निर्माण किया गया। इस उत्सव में बच्चों को निशुल्क बाल–फिल्में दिखाई गई । फिल्मों के दौरान डी.पी.ई.पी. द्वारा बालकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई । जिले में शिक्षा आपके द्वार अंतर्गत कुल बालक / बालिकाऐं तथा नामांकित बालक बालिकाऐं एवं शिक्षा से वंचित बालक / बालिकाओं का माह जनवरी 2002 में किये गये सर्वे का संख्यात्मक विवरण निम्न सारणी से स्पष्ट है–

ब्लॉक	बच्चों की संख्या 6–11 आयु वर्ग			बच्चों की संख्या 11–14 आयु वर्ग			अनामांकित 6–11			अनामांकित 11–14		
	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बलिका	योग	बालक	बालिका	योग
झालरापाटन	18881	15023	33904	22381	17806	40187	659	1405	2064	619	1287	1906
खानपुर	8790	4698	13488	8314	7675	15989	370	886	1256	409	1098	1507
बकानी	8337	7466	15803	10159	8574	18027	1385	1830	3215	1672	3568	5240
सुनेल	8365	6845	15210	9374	8653	18027	466	1055	1521	215	900	1115
डग	8965	7247	16212	10569	8649	19218	1012	1633	2645	1035	1262	2297
मनोहरथाना	11293	9019	20312	13386	10691	24077	1064	1495	2559	1497	2149	3646
योग	64631	50299	114930	74183	62037	136230	4956	8304	13260	5447	10264	15711

(स्त्रोत्– खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी,: बकानी/डग/झा.पाटन/म.थाना/सुनेल/खानपुर)

माह जुलाई 2002 तक कुल 28971 बालक / बालिकाओं में से 22899 बालक / बालिकाऐं नामांकित हो चुके हैं तथा 79.04 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त हो चुकी हैं, शेष को

विद्यालयो से जोड़ने हेतु विभिन्न प्रकार के शैक्षिक प्रयासों की चर्चा आगामी अध्यायों में की गई है।

3.5 प्रशासन गांव / शहर के संग

राज्य सरकार ने 2 अक्टूबर 2001 से तीन माह तक सघन अभियान प्रशासन गांव के संग लागू किया तथा 26 जनवरी 2002 से प्रशासन शहन के संग शुरू किये। इन दोनों अभियानों में ग्राम / शहर की विभिन्न समस्याओं का कैम्प लगा कर निदान किया। इन समस्याओं में शैक्षिक समस्याऐं भी शामिल हैं। इससे शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न ग्राम / वास स्थानों में राजीव गांधी पाठशाला खुलने तथा पैराटीचर के चयन हेतु आवेदन प्राप्त हुए।

इसी के साथ राज्य सरकार ने 15 अगस्त, 2 अक्टूबर, 26 जनवरी तथा 20 मई को पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाऐं आयोजित की इन ग्राम सभाओं में अनेक शैक्षिक एवं विद्यालय संचालन संबंधी शिकायतों को प्राप्त कर मौके पर उनका पंजीकरण किया गया तथा समस्याओं को विभिन्न विभागों के माध्यम से हल करवाया गया। शैक्षिक समस्याओं का निदान जिला शिक्षा अधिकारी तथा डी.पी.ई.पी. के माध्यम से किया गया।

3.6 सामाजिक सर्वेक्षण :-

राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिष्द के मार्गदर्शन में I.I.R.D.संस्था द्वारा जिले में सामाजिक रूप से पिछड़े समूहों का सामाजिक सर्वेक्षण किया गया। सामाजिक सर्वेक्षण के मुख्य उद्धेश्य पिछड़े लोगों की कठिनाईयों की प्रकृति का पता लगाना, कठिनाईयों के मुख्य कारणों का आंकलन करना कठिनाईयों को निवारण किये गये पूर्व में कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का पता लगाना इन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता तथा कमियों का पता लगाना तात्कालिक स्तर पर किये जाने वाले कदमों की प्राथमिताऐं तय करना एवं इन समूहों के कठिनाईयों के निवारण हेतु उपयुक्त रणनीति तैयार करना था।

सामाजिक सर्वेक्षण समूहों द्वारा अपने अध्ययन में चार गांवों का चयन सर्वेक्षण हेतु किया गया। ये गांव अनु.जाति एवं अनु.जनजाति के न्यूनतम साक्षरता वाले, अल्पसंख्यकों की बहुलता वाले तथा उच्चतम साक्षरता दर वाले गांव थे।

सर्वेक्षण दल द्वारा न्यून नामांकन, विद्यालय परित्याग(ड्राप आउट) तथा न्यून उपलब्धि स्तर के कारणों का पता लगाया गया एवं इन कार्यो के निदान हेतु रणनीति प्रस्तुत की गई।

सर्व शिक्षा अभियान में इस सर्वे के निष्कर्षो को यथावत रूप से स्वीकार किया गया हैं तथा इस प्रकार के दोबारा सर्वेक्षण कराने की आवश्यकता नहीं महसूस की जा रही हैं।

3.7 बेस लाईन सर्वे

राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद के मार्ग निर्देशन में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर द्वारा प्रत्येक डी.पी.ई.पी. जिलों में डाईट के माध्यम से बेस लाईन सर्वे करवाया गया। बेस लाईन सर्वे 6–11 आयु वर्ग के बालकों के प्राथमिक शिक्षा में उपलब्धि स्तर का पता लगाने हेतु किया गया था।

बेस लाईन सर्वे द्वारा कक्षा–1 कक्षा–4 के बालकों में भाषा शिक्षा एवं गणित विषयों के प्राप्तांकों की जांच की गई।

जांच निष्कर्षो को निम्न सारणी द्वारा दर्शाया गया है–

कक्षा	विषय	उपलब्धि स्तर
1	भाषा शिक्षा(शब्द ज्ञान)	55.06%
1	गणित	54.25%
4	भाषा शिक्षा(शब्द ज्ञान)	51.29%
4	भाषा शिक्षा(पठन क्षमता)	35.31%
4	गणित	25.21%

(स्त्रोत्– S.I.E.R.T., उदयपुर)

बेस लाइन सवे द्वारा अभिभावकों के शिक्षा स्तर एवं उपलब्ध शिक्षण अधिगम् सामग्री बाबत भी अध्ययन किया गया । सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत उ.प्रा. स्तर के बालकों का भी उपलब्धि स्तर का सर्वे शीघ्र ही करवाया जावेगा।

3.8 समस्यायें एवं मुख्य मद्दें :–

पिछले दशक में जिले की साक्षरता दर बहुत कम थी, ग्रामीण जनसंख्या का प्रमुख व्यवसाय कृषी था । शहरी जनसंख्या विशेष तौर से व्यापार तथा सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों/प्रतिष्ठानों से जुड़ी हुई थी, जिलें की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (बच्चों को

सम्मिलित करते हुये) श्रमिक वर्ग की थी, गॉवों में महिलाये घरेलु, कार्यो से जुड़ी हुई थी श्रमिक एवं कृषक संवर्ग के लोग अपने बच्चों कि शिक्षा के प्रति कम जागरूक थे ।

जिले में शिक्षा से संबंधित समस्याऐं एवं मुख्य मुद्दे निम्न क्षेत्रों के अंतर्गत स्पष्ट किया गया हैं –

3.8.1 शिक्षात्मक पहुॅच एवं नामांकन :–

अभिभावकों में बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता न होने से वह बच्चों को विद्यालय में प्रवेश व शिक्षा से जोड़ने में रूचि नहीं रखते थे, इस समस्या का गॉवों में विशेष रूप से सामना करना पड़ता है पहुंच एवं नामांकन की समस्याओ के निम्न कारण हैं –

(क) निरक्षरता एवं अभिभावकों की अज्ञानता :–

माता–पिता के निरक्षर व शिक्षा का ज्ञान न होने के कारण वे अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने की आवश्यकता नहीं समझते फलस्वरूप जिले के कई विद्यालय जाने योग्य बालक विद्यालयों में प्रवेश से वंचित रह जाते है ।

(ख) शिक्षा की अनुपयोगिता :–

अभिभावकों में ऐसी भ्रांत धारणा है कि शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात भी युवक युवतीयों को नौकरी के लिये दर–दर भटकना पड़ता है, इस भ्रांतिपूर्ण विचारधारा के कारण वह अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में हिचकते है ।

(ग) विद्यालयों में सुविधाओं की कमी :–

कुछ विद्यालय भवन विहीन है तथा कुछ विद्यालय किरायें के भवनों में चल रहे है इसलिये अधिकांश विद्यालयों में मूलभूत सुविधायें नहीं है, वर्षा ऋतु में विद्यालय भवनों में पानी टपकता है तथा कुछ विद्यालय खिड़की व दरवाजों का भी अभाव है ।

(घ) विद्यालयों की अपर्याप्तता

जिले में अभी भी पर्याप्त मात्रा में उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालय नहीं होने से अधिकांश बालक / बालिकाऐं कक्षा 5 पास कर पढना छोड़ देते हैं।

(ड.) विद्यालय भवनों की स्थिति :–

कुछ विद्यालय भवन सड़क के किनारे स्थित होने के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहने के कारण भी अभिभावक बालकों को स्कूल नहीं भेजते है। शिक्षक की रूचि एवं ज्ञान का अभाव भी बच्चों को विद्यालय आने के लिये भी आकर्षित नहीं करता है ।

(च) मवेशियों का चराना :– 6–11 वर्ष के अधिकांश बच्चे दिन में अपने पालतु मवेशियों का चराने का काम करते है ।

(छ) घरेलु कार्य :–

6–11 आयु वर्ग के बालक (विशेषतया बालिकायें) गृह कार्य से व्यस्त रहते है ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकायें अपने छोछे भाई बहनों की देखभाल करने के कारण विद्यालय नहीं जाते है ।

(ज) गरीबी :–

गरीबी भी एक मुख्य कारण है जिससे बालक बालिका शिक्षा से जुड़ने से वंचित रह जाते है गरीबी के कारण 6–11 वर्ष के बालक परिवार की आय बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिक के रूप में कार्य करने लगते है।

(झ) लिंग संवेदनशीलता :–

समाज में बालिकाओं की शिक्षा को अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता है अतः बालिका को बालक अपेक्षा परिवार में भी कम महत्व दिया जाता है । बालिका को दूसरे परिवार की धरोहर समझा जाता है अतः बालिका शिक्षा पर किये गये व्यय को व्यर्थ माना जाता है ।

(ञ) बाल विवाह :–

कुछ समुदायो मे बाल विवाह की प्रथा आज भी प्रचलित है जिसके कारण भी 6–11 वर्ष के बालक बालिका शिक्षा ग्रहण नहीं करवाते है ।

3.8.2 ठहराव :–

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनिकरण की दिशा में नामांकन के बाद दूसरी आवश्यकता ठहराव की है ।सामान्यतया जुलाई अगस्त माह में वातावरण की गतिविधियों के कारण अधिकांश बालक विद्यालय में प्रवेश ले लेते है परन्तु कुछ महिनो अथवा दिनों के बाद विद्यालय विभिन्न कारणों (यथा विद्यालय में सुविधाओं का अभाव, अनाकर्षक वातावरण शादी के कारण पलायन आदि) से विद्यालय छोड़ देते है ।

3.8.3 शिक्षा की गुणवत्ता :–

छात्र को विद्यालय में घर जैसा तथा आकर्षक वातावरण मिलना चाहिये परन्तु प्राथमिक विद्यालयों में वस्तु स्थिति इसके विपरित है, बच्चों के विद्यालय में ठहराव न होने के निम्न कारण है :–

- ✓ अध्यापक द्वारा रूचि नहीं लेना ।
- ✓ अनाकर्षक पुस्तकें ।
- ✓ लिंग भेद, जात पात तथा धर्म के प्रति संवेदनशीलता ।
- ✓ शिक्षकों के अभिनवन प्रशिक्षणों का अभाव ।
- ✓ उचित पर्व्येक्षण का अभाव ।
- ✓ उचित मूल्यांकन का अभाव ।
- ✓ बोझिल पाठ्यक्रम ।
- ✓ अनाकर्षक शिक्षण विधियां ।
- ✓ शिक्षण अधिगम सामग्री का अभाव ।

3.8.4 संस्थागत क्षमताओं का विकास–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलें में डाईट, जिला शाषी परिषद, जिला निष्पादन समिति, खण्ड संदर्भ केन्द्र, संकुल संदर्भ केन्द्र, संकुल संदर्भ समूह शाला प्रबंधन समिति, भवन निर्माण समिति आदि संस्थाओं की संकल्पना को स्वीकार करते हुए इनको गठित करने एवं सुदृण करने का प्रयास किया गया हैं। पर्याप्त स्टाफ की कमी, समय का अभाव तथा शैक्षिक मार्गदर्शन के अभाव में इनसे समुचित लाभ नहीं मिल पाया है। हालांकि सर्व शिक्षा अभियान में इनके महत्व को स्वीकार किया गया हैं।

अध्याय – 4

लक्ष्य एवं उद्धेश्य

भूमिका

प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वजनीकरण एक अत्यन्त महत्वपूर्ण राष्ट्रीय लक्ष्य रहा है। इसके लिए सतत प्रयास भी किये जा रहे है। विभिन्ना योजनायें, परियोजनाएँ तथा अभियान भी समय–समय पर संचालित की जाती रही है। किन्तु कटु यथार्थ यह है कि आज तक इस लक्ष्य को नही प्राप्त किया जा सका हैं। भारत सरकार द्वारा संविधान में संशोधन के बाद सबको निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया हैं तथा 10 वर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया हैं। 2 अक्टूबर, 2001 से भारत सरकार ने इस लक्ष्य को पाने के लिए 'सर्व शिक्षा अभियान' योजना लागू की हैं।

पंचायती राज के 76 एवं 77वें संशोधन से शिक्षा का विषय जन–प्रतिनिधियों के हाथ में दिया गया है, जिससे प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को निर्धारित समय अवधि में प्राप्त किया जा सके।

सर्वशिक्षा अभियान के उद्धेश्य :–

- वर्ष 2003 तक 6–11 आयु वर्ग के सभी बच्चे स्कूल/वैकल्पिक/ शिक्षा गांरण्टी स्कीम विद्यालय/वापस स्कूल चलों शिविर में दाखिल हो।
- वर्ष 2007 तक सभी बच्चे प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करें।
- वर्ष 2010 तक सभी बच्चे आठ वर्ष की प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करें।
- जीवनोपयोगी तथा प्रासंगिक शिक्षा पर ब्बल देते हुए प्रारम्भिक शिक्षा में गुणवत्ता बनाये रखने का प्रयास करना।
- लिंग एवं सामाजिक विषमताओं को 2007 तक प्राथमिक स्तर पर तथा 2010 तक प्रारम्भिक शिक्षा स्तर तक दूर करना।
- 2010 तक सार्वजनीक ठहराव सुनिश्चित कररना।

जिला के लक्ष्य :–

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत योजना की जिला आधारित विषमताओं एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए तय सीमा अवधि में लक्ष्य निर्धारित करने की स्वतंत्रता दी गई हैं।

झालावाड़ जिले में प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों को पहुंच, नामांकन, ठहराव एवं गुणवत्ता के अंतर्गत निर्धारित किया हैं, इनका विवरण निम्नानुसार हैं।

3.1 पहुंच

वर्तमान में जिले में उच्च प्राथमिक स्तर की पर्याप्त शैक्षिक सुविधाऐं उपलब्ध नहीं है। जिले में 875 प्राथमिक, 283 उच्च प्राथमिक, 337 राजीव गांधी, 99 शिक्षा कर्मी तथा 75 डी.पी.ई.पी. के वैकल्पिक विद्यालय(6 घंटे) संचालित हो रहे हैं। सर्व शिक्षा अभियान में निम्न लक्ष्य निर्धारित किये गये है–

- प्रत्येक 1 कि.मी. दूरी, 250 आबादी एवं 40 वंचित छात्र संख्या पर 1 प्राथमिक स्तर की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराना।
- 3 कि.मी. की परिधि में उच्च प्राथमिक स्तर की विद्यालय सुविधा देना।
- जिले में 2:1 में उच्च प्राथमिक विद्यालय क्रमोन्नत करना। इस हेतु जिले में 293 उच्च प्राथमिक विद्यालय क्रमोन्नत किये जाने हैं।

3.2 नामांकन

जिले में डी.पी.ई.पी. योजना द्वारा प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण हेतु गंभीर प्रयास किया जा रहा है। परन्तु उच्च प्राथमिक स्तर पर अपेक्षित सुधार की आवश्यकता हैं। जिले में नामांकन के लक्ष्य निम्न हैं–

- सन् 2003 तक शत् प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य पूरा करना। इस नामांकन लक्ष्य में 2003 से 2010 तक जनसंख्या वृद्धि के फलस्वरूप बढ़े हुए बालक–बालिकाओं को भी प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ना है। अतः 2010 तक की बालकों की प्रकल्पित आबादी की गणना कर लक्ष्य तय करना।

3.3 ठहराव

जिले में ठहराव एक चुनौती पूर्ण समस्या हैं नामांकन की नियमितता बिना ठहराव के संभव नहीं है। ठहराव के लक्ष्य निम्न हैं –

- 2007 तक प्राथमिक स्तर तक 100 प्रतिशत नामांकित बालकों का ठहराव सुनिश्चित करना।
- 2010 तक 100 प्रतिशत नामांकित बालक–बालिकाओं का उच्च प्राथमिक स्तर पर ठहराव सुनिश्चित करना। इस हेतु वर्ष वार लक्ष्य निर्धारित करते हुए 2010 तक 100

प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचना हैं। लक्ष्यों को वर्ष वार प्रकल्पित किया जाना हैं, ताकि उनकी उपलब्धि की जांच एवं समीक्षा संभव हो सके।

3.4 गुणात्मक सुधार

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम, डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत 1998 में डी.पी.ई.पी. जिलों में राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद के मार्ग निर्देशन में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान(S.I.E.R.T.), उदयपुर द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(DIET) से बेस लाईन सर्वे करवाया गया था। उक्त सर्वे में जिले के चयनित विद्यालयों में सर्वे कर प्राथमिक स्तर के बालक–बालिकाओं का उपलब्धि स्तर ज्ञात किया गया था।

इसी उपलब्धि स्तर को आधार बनाकर डी.पी.ई.पी. ने 25 प्रतिशत भाषा एवं गणित में उपलब्धि अभिवृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया था। सर्व शिक्षा अभियान ने इस लक्ष्य को स्वीकार करते हुए इसी प्रकार का उच्च प्राथमिक स्तर का भी बेस लाईन सर्वे कराना तय किया हैं, ताकि 2010 तक 25 प्रतिशत उपलब्धि स्तर उच्च प्राथमिक स्तर तक प्राप्त किया जा सके।

उपलब्धि स्तर प्राप्त करने हेतु अनेक प्रशिक्षणों गतिविधियों एवं उत्प्रेरकों का प्रयोग कर छात्रों का शैक्षिक उन्नयन संबंधी गतिविधियां सम्पादित की जावेगी।

अध्याय – 5
पहुंच एवं ठहराव

5.1 भूमिका

इस अध्याय में झालावाड़ जिलें में प्रा.वि. एवं उ.प्रा.वि. स्तर की शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता एवं बालकों के नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करने हेतु दी जाने वाली शैक्षिक सुविधाओं का विवेचन किया गया हैं।

जिले के भौगोलिक एवं सामाजिक आर्थिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक तरफ जहां पहले से विद्यालयों जुड़े बालक–बालिकाओं की उपस्थिति एवं ठहराव सुनिश्चित करना सर्व शिक्षा अभियान का प्रमुख दायित्व हैं वहीं दूसरी ओर अभी तक विद्यालयों से वंचित बालक एवं बालिकाओं को प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उनकी आवश्यकता अनुरूप शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराने का गुरूत्तर कार्य भी हैं। इन्हीं सब बिन्दूओं का विस्तार से विवेचन इस अध्याय में किया गया हैं।

5.2 पहुंच दर

पहुंच दर से तात्पर्य प्रा.वि. एवं उ.प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा सुविधा जिले के कितने गांव तक उपलब्ध हैं। इसके अनुपात से हैं। गणितीय रूप से पहुंच दर को निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता हैं –

प्रा.विद्यालय हेतु पहुंचदर (G.A.R.) =

$$\frac{\text{कुल गांव की संख्या जहां पर प्रा.वि. एवं उ.प्रा.स्तर की शैक्षिक सुविधा हैं}}{\text{जिलें के कुल गांव की संख्या}} \times 100$$

उ.प्रा.विद्यालय हेतु पहुंचदर =

$$\frac{\text{कुल गांव की संख्या जहां पर प्रा.वि. एवं उ.प्रा.स्तर की शैक्षिक सुविधा हैं}}{\text{जिलें के कुल गांव की संख्या}} \times 100$$

जिले के 1595 गांव एवं 5 नगरपालिका. मिलाकर 1600 ग्राम / नगर पालिका होते हैं तथा वासस्थान 178 हैं। इनमें से 1395 गांवों में प्राथमिक स्तर शैक्षिक सुविधा उपलब्ध हैं अर्थात् प्रा.विद्यालय हेतु पहुंचदर (G.A.R.) = 78.45% हैं। जिले के कुल 283 स्थानों पर उ. प्रा. स्तर की शैक्षिक सुविधा उपलब्ध हैं। अतः उ.प्रा. स्तर की पहुंचदर (G.A.R.) = 15.91% हैं।

योजना अवधि में प्रा.स्तर की शैक्षिक सुविधा का (G.A.R.) 100% तथा उ.प्रा.स्तर की शैक्षिक सुविधा प्रत्येक 3 कि.मी. पर उपलब्ध कराना प्रस्तावित किया गया हैं।

3 उ.प्रा.विद्यालय की कमोन्नति

जिले में कुल विद्यालयों की स्थिति निम्नानुसार हैं –

प्राथमिक विद्यालय 866, उच्च प्राथमिक विद्यालय 297, राजीव गांधी पाठशाला 432

प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की संख्या = 866 + 297 =1163

जिले में 2:1 से प्राथमिक विद्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय में कमोन्नत करना है तथा राजीव गांधी पाठशाला /शिक्षा कर्मी/वैकल्पिक विद्यालयों को प्राथमिक विद्यालय में परिवर्तित करना प्रस्तावित है।

कमोन्नत किये जाने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय = 282 तथा परिवर्तित प्राथमिक विद्यालयों की संख्या–769

वर्षवार खोले जाने वाले विद्यालयों की संख्या निम्नानुसार है–

वर्ष	2003–04	2004–05	2006–07	2007–08	योग
प्राथमिक	43	43	152	43	281
उच्च प्राथमिक	55	45	14	51	165

प्रा कमोन्नति में निम्न प्रावधान प्रस्तावित किये गये है–

500 तक अथवा 500 से अधिक ग्रम की आबादी हो।
उस ग्रम की 3 किमी परिधि में उ प्रा. वि. स्तर की सुविधा ना हो।
कमोन्नति पर विघालय में 1 प्रधानाध्यापक तथा 3 अध्यापक देना प्रस्तावित है।

नव क्रमोन्नत 165 उ.प्रा.वि. को टी.एल.ई. राशि 82.500 लाख प्रस्तावित की गई है। यह राशि प्रति विद्यालय 50000/– रु. की दर से दी जायेगी। इन विद्यालयों हेतु प्रति प्रधानाध्यापकों को वेतन में प्रथम वर्ष 148.500 लाख तथा अगले वर्ष 418.800 लाख प्रस्तावित किए इसी प्रकार शिक्षकों हेतु वेतन राशि प्रथम वर्ष में 103.950 लाख तथा अगले वर्ष में 766.920 लाख, प्रस्तावित किये गये हैं। योजना अवधि में नामांकन लक्ष्य 2003 तक शत् प्रतिशत एवं ठहराव लक्ष्य 2010 तक शत प्रतिशत प्रस्तावित है। नामांकन एवं ठहराव लक्ष्यों को वर्ष वार दर्शाते हुए शिक्षकों एवं कक्षा कक्षों की आवश्यकताओं की गणना की गई है। नामांकन, शिक्षकों एवं कक्षा कक्षों की संख्या संलग्न टेबल में प्रस्तुत हैं –

क्रमांक	गतिविधियां	2002–03	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10
1	6–11आयु वर्ग के बालको की संख्या	152315	155870	159508	163231	167041	170940	174929	179012
2	11–14आयु वर्ग के बालको की संख्या	93491	95673	97906	100191	102529	104922	107371	109877
3	6–14आयु वर्ग के बालको की संख्या	245906	251543	257414	263422	269570	275862	282300	288889
4	विद्यालयों में नामांकन (1 से 8 कक्षा तक)	247015	251543	257414	263422	269570	275862	282300	288889
5	निजी विद्यालयों में नामांकन	36546	37731	38612	39513	40436	–	–	–
6	शिक्षा गारण्टी योजना/ वैकल्पिक विद्यालयों में नामांकन	38058	31138	19698	16258	7298	–	–	–
7	सरकारी विद्यालयों में नामांकन	172411	182674	199104	207651	221837		–	–
8	अध्यापक छात्र अनुपात 1:40 के आधार पर आवश्यक अध्यापकों की संख्या	4310	4567	4978	5191	5546	–	–	–
9	अध्यापकों के स्वीकृत पद	4653	–	4653	–	–	–	–	–
10	छात्र अध्यापक अनुपात 40:1 के आधार पर अतिरिक्त अध्यापकों की आवश्यकता	–	–	325	214	355	–	–	–
11	वर्तमान में आवश्यक कक्षा कक्षों की संख्या	642	257	411	214	355	–	–	–

5.4 शिक्षा गारण्टी योजना / वैकल्पिक विद्यालयों को प्राथमिक विद्यालय में बदलना

जिले में 432 रा.गा.स्वर्ण जयन्ती पाठशाला, 113 शिक्षा कर्मी विधालय शिक्षा गारण्टी योजना के रूप में संचालित है। इन्हें कमानुसार प्राथमिक विघालय में परिवर्तित किया जाना है। वर्ष वार परिवर्तन निम्नानुसार है–

शिक्षा गारण्टी योजना /वैकल्पिक विद्यालय	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07
रा.गा.स्वर्ण जयन्ती पाठशाला	43	43	39	43
शिक्षा कर्मी विधालय	–	–	113	–

इन विघालयो को परिवर्तन में निम्न आधार को ध्यान में रखा गया है–

- कक्षा 1 से 5 तक चलने वाले शिक्षा गारण्टी योजना का चयन किया जाना है।चयनित शिक्षा गारण्टी योजना विघालय में न्यूनतम 100 बालक/बालिका अध्ययनरत हो।
- इन विघालयो हेतु 1 नियमित अध्यापक तथा 2 पैराटीचर देना प्रस्तावित है।
- प्रत्येक परिवर्तित विघालय हेतु 10000/–रू. की टी.एल.ई. प्रस्तावित की गई है।
- इस मद हेतु कुल राशि 28.100 लाख है।
- परिवर्तित प्राथमिक विघालयो हेतु पूर्ण कालिक शिक्षक की व्यवस्था की गई है। जिस पर प्रति माह 7000/–रू. से प्रथम वर्ष में 177.030 एवं द्वितीय वर्ष में 308.280 लाख वेतन हेतु प्रस्तावित किये गये है।
- परिवतित प्राथमिक विघालयो हेतु एक–एक पैरा टीचर की व्यवस्था दी गई हैं, जिनके मानदेय पर प्रथम वर्ष 37.935 लाख, द्वितीय वर्ष 48.552 लाख, तृतीय वर्ष में 19.608 लाख एवं चतुर्थ वर्ष 10.836 लाख प्रस्तावित किये गये हैं।

5.5 सर्व शिक्षा अभियान में शिक्षा गारण्टी योजना की स्थिति

सर्व शिक्षा अभियान में शिक्षा गारण्टी योजना की भूमिका को स्वीकार किया गया है। योजना अवधि में आवश्यकता/मांग आधारित शिक्षा गारण्टी योजना विधालय खुलतें रहे है। जिनमें रा.गा.स्वर्ण जयन्ती पाठशाला, सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत शिक्षा गारण्टी योजना को स्वीकार किया गया हैं इसके अंतर्गत जिले में डी.पी.ई.पी. योजना के अन्तर्गत संचालित 6 घण्टे वाले वैकल्पिक विद्यालय को प्राथमिकता के आधार पर 2 शैक्षिक सत्र पूर्ण हो जाने पर

प्राथमिक विद्यालय में परिवर्तित करना हैं। जिले मेंमें कुल 75 वैकल्पिक विद्यालय संचालित हैं, इनको 2006–07में 135 प्राथमिक विद्यालयों में परिरवर्तित किया जाना हैं।

इन विद्यालयों हेतु 1 नियमित एवं 2 पैरा टीचार लगाये जायेंगे जिन पर 87.192 लाख योजना अवधि में प्रस्तावित किये गये हैं। परिवर्तित प्राथमिक विद्यालयों हेतु टी.एल.ई. राशि 1412.880 लाख रू. प्रस्तावित की गई है ।

ई.जी.एस. के अन्तर्गत चलने वाले शिक्षा केन्द्र यथा राजीव गांधी स्वर्ण जयंती पाठशाला आदि अध्ययनरत बालक – बालिकाओं की संख्या 665्90 हेतु 845 रू. प्रति बालक–बालिका से राशि 562.686 लाख प्रस्तावित की गई हैं।

अध्यापकों की आवश्यकता

विद्यालयों में अतिरिक्त नामांकन की वृद्धि के फलस्वरूप 40 छात्रों पर 1 शिक्षक की आवश्यकता के आधार पर वर्ष वार शिक्षकों की गणना की गई हैं योजना अवधि 2004–05 में 325,2005–06 में 214,2006–07 में 355 अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता सृजित हुई है जिसे राज्य सरकार द्वारा नियोजित कर उपलब्ध कराया जाना है। ये शिक्षक नियमित शिक्षक होगे परन्तु योजना अवधि में 165 शिक्षकों एवं 2811 पैरा टीचर की आवश्यकताओं के आधार पर राशि प्रस्तावित की गई है।

ठहराव दर की स्थिति

जिले में ब्लॉक वार ठहराव की स्थिति निम्न सारणी में दर्शायी गई हैं–

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	कक्षा 1 में नामांकन			कक्षा 8 में नामांकन (2002–03)			ठहराव दर		
		B	G	T	B	G	T	B	G	T
1.	बकानी	3978	3109	7087	799	322	1121	20.08	10.35	15.81
2.	खानपुर	2764	2580	5344	790	341	1131	28.58	13.21	21.16
3.	म.थाना	4018	3725	7743	785	290	1075	19.53	7.78	13.88
4.	डग	4115	3296	7411	761	304	1065	18.49	9.22	14.37
5.	झा.पाटन	6771	5262	12035	862	345	1207	12.73	6.55	10.02
6.	सुनेल	3902	3446	7348	813	307	1120	20.83	8.90	15.24
	योग	25548	2148	46966	4810	1909	6719	18.82	8.91	14.30

(स्त्रोत्– खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी: बक्कानी / डग / झा.पाटन / म.थाना / सुनेल / खानपुर)

इस सारणी में ठहराव की स्थिति अत्यन्त शोचनीय हैं बालकों की ठहराव दर 18.82 प्रतिशत तथा बालिकाओं की ठहराव दर 8.91 प्रतिशत तथा कुल ठहराव दर 14.30 प्रतिशत हैं, इस ठहराव दर को निम्नानुसार बढ़ाने के लक्ष्य प्रस्तावित हैं –

2002–03	2003–04	2004–05	2005–06	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10
18%	20%	25%	55%	65%	75%	85%	90%

इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 580 अतिरिक्त कक्षा कक्ष तथा 169 प्रधानाध्यापक कक्ष निर्मित किये जायेगें । इस हेतु राशि 696.00लाख एवं 84.500 लाख प्रस्तावित की गई है। साथ ही प्रति वर्ष समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतू 5000 रू. विघालय भवन रख–रखाव हेतु निर्धारित किये गये है।

सामुदायिक गतिशीलता

सामुदायिक गतिशीलता के अंतर्गत ग्रम स्तर पर सामुदायिक गतिविधियों तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का अभिमुखीकरण प्रस्तावित किया गया हैं। इसके साथ ही जिले में विद्यालयों में प्रति वर्ष सामुदायिक गतिविधियों हेतु योजना अवधि में प्रति विघालय में 1000 रू.से दो वर्ष हेतु 23.230 लाख रू. प्रस्तावित किये गये हैं। इन सामुदायिक गतिशीलता गतिविधियों में बाल–मेला, कला जत्था, महिला–मिटिंग, बालिका मंच आदि गतिविधियां की जावेगी। सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय की शाला प्रबंधन समितियों के 8 सदस्यों का अभिमुखीकरण परियोजना अवधि में चार बार कराने हेतु 6.941 लाख प्रस्तावित की गई हैं। इसके अलावा प्रतिवर्ष 4 वर्षो के लिए जन जागृति निर्माण करने हेतु 0.800 लाख प्रस्तावित किये गये हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत पर पंचायत पुस्तकालय की सीपना हेतु जिले में 1524 पंचायत पुस्तकालय खोले जायेगे, जिन पर 30.480लाख रू. प्रस्तावित किये गये है।

विद्यालय की भौतिक सुविधाऐं

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत ठहराव सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों में निम्न निर्माण कार्य प्रस्तावित किये गये हैं–

1. भवन विहीन विद्यालयों हेतु भवन सुविधा
2. अतिरिक्त कक्षा कक्ष
3. शौचालय (बालिकाओं हेतु पृथक शौचालय)
4. पेयजल सुविधा हेतु हैंण्ड पम्प एवं नल कनेक्शन

इन सुविधाओं का विस्तृत वर्णन एवं बजट प्रावधान अध्याय – 10 में पृथक से किया गया हैं।

10 विद्यालय रख–रखाव

सर्व शिक्षा अभियान में प्रति वर्ष जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु प्रति वर्ष 5000 प्रति विद्यालय से 246.350 लाख रू. प्रस्तावित किये गये है। रख–रखाव के अंतर्गत विद्यालय भवन की पुताई एवं रंग–रोगन, नारा–लेखन एवं सौन्दर्य–करण, दरवाजों एवं खिड़कियों पर रंग–रोगन, विद्यालय भवन की नल–बिजली फिटिंग की सामान्य मरम्मत तथा आसन्न छोटी–मोटी मरम्मत करवाने का प्रावधान रखा गया हैं।

1 <u>विधालयो से वंचित बालको हेतू गतिविधियां</u>

विधालयो से वंचित बालको हेतू वैकल्पिक नवाचारी शिक्षा,गैर सरकारी संगठनो द्वारा नांमाकन अभिवृद्धि, धुमन्तु बालको हेतु शिक्षा,कामकाजी बालको हेतु शिक्षा का प्रावधान प्रस्तावित है, ऐसे 5600 बालक – बालिकाओं हेतु 47.320 लाख रू. प्रस्तावित किये गये है।

अध्याय – 6
गुणवत्ता शिक्षा

1 भूमिका

सर्व शिक्षा अभियान में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया हैं। नामांकन के लक्ष्य तभी स्थाई एवं प्रभावी दीर्घकाल तक रह सकते हैं, जब दी जाने वाली शिक्षा आवश्यकता आधारित एवं गुणवत्ता पूर्ण हो। गुणवत्ता शिक्षा में विद्यालयों को शैक्षिक सुविधाऍं प्रदान करना, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्मित करना एवं दैनिक पठन पाठन में उपयोग सुनिश्चित करना, निशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना, विद्यालयों को पुस्तकालयों हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराना, अतिरिक्त शिक्षण कक्षाओं का आयोजन तथा नियमित प्रशिक्षण का आयोजन कर गुणवत्ता सुनिश्चित करना हैं।

2 विद्यालय अनुदान राशि (S.F.G.)–

सर्व शिक्षा अभियान मे जिले में संचालित समस्त राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं भविष्य में कमोन्नत होने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा रा.मा.वि./ रा.उ.मा.वि.जिनमें 1 से 5/1 से 8 कक्षा चलती है, को प्रति वर्ष 2000 रूपयें प्रति विद्यालय नकद धन राशि के रूप में देना प्रस्तावित किया गया हैं।

इस धन राशि को विद्यालय में गठित एवं संचालित शाला प्रबंधन समिति (S.M.C.) द्वारा विद्यालय की शैक्षिक आवश्यकताओं का आंकलन कर उपयोग करना प्रस्तावित है, विद्यालय अनुदान राशि द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक सुविधाओं के बढ़ने से गुणात्मक अभिवृद्धि के डी.पी.ई.पी. के अनुभवों को सर्व शिक्षा अभियान में स्वीकार किया गया हैं।

विद्यालय साज–सज्जा एवं कक्षा कक्ष का शैक्षिक वातावरण निर्माण, दैनिक पाठ योजना में काम आने वाले शैक्षिक मॉड्ल (उपकरण), शिक्षा को आनन्द दायी बनाने में महती भूमिका निर्मित करते हैं। इन्हीं क्षेत्रों में विद्यालय अनुदान राशि द्वारा गुणात्मक अभिवृद्धि करने का प्रयास किया गया हैं। प्राथमिक विद्यालयों हेतु 36.020 लाख, उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु 28.920 लाख योजना अवधि में S.F.G. राशि का प्रावधान किया गया है।

3 शिक्षण अधिगम सामग्री (T.L.M.) –

डी.पी.ई.पी. योजना में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रति वर्ष दी जाने वाली शिक्षण अधिगम सामग्री राशि से शिक्षकों की अभिरूचि वृद्धि एवं भावनात्मक लगाव के प्रभाव को स्वीकार करते हुए एवं अनुभवों का लाभ उठाते हुए सर्व शिक्षा अभियान में जिले के समस्त राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रत्येक शिक्षक को प्रति वर्ष 500 रू. नकद शिक्षण अधिगम सामग्री के देना प्रस्तावित किया गया हैं, ये धन राशि उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत संस्था प्रधान, शारीरिक शिक्षक एवं समस्त शिक्षकों को प्रति वर्ष दी जायेगी।

इस राशि का उपयोग शिक्षक दैनिक पठन पाठन में काम आने वाली शिक्षण अधिगम सामग्री निर्मित करने एवं उनका उपयोग सुनिश्चित करने के लिए हैं। शिक्षण अधिगम सामग्री बनाने का प्रशिक्षण देना भी सर्व शिक्षा अभियान में स्वीकार किया गया हैं विभिन्न प्रकार के चार्ट, उपकरण, नक्शें और अल्प लागत सामग्री से उपयोगी शैक्षिक सामग्री निर्मित करना, बालकों की सृजनात्मक प्रवृत्ति को उभारना तथा रचनात्मक प्रतिभा विकसित करना आदि अनेक उद्धेश्य इस शिक्षण अधिगम सामग्री देने से प्राप्त हो सकेगें। प्रा.वि. के शिक्षको हेतु 29.480 लाख ,उ.प्रा.वि.के शिक्षकों हेतु T.L.M. राशि 57.360 लाख रू. का प्रावधान किया गया हैं।

निशुल्क पाठ्य पुस्तक :–

राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रान्त में राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत प्राथमिक कक्षाओं के बालक बालिकाओं को प्रति वर्ष निशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी जाती हैं। इस सुविधा से निर्धन/अल्प आजीविका वाले अभिभावकों के बच्चों को नामांकित करने एवं उनका ठहराव सुनिश्चित करने में आशातीत सफलता मिली हैं।

सर्व शिक्षा अभियान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति के कक्षा 6,7,8 के बालकों को (बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा निशुल्क पुस्तके पूर्व से ही दी जा रही है।) निशुल्क पाठ्य पुस्तकें देना प्रस्तावित किया गया हैं। इस हेतु जिले के 34400 उ.प्रा.वि. के बालकों हेतु 100/–प्रति बालक से योजना अवधि में 34.400 लाख का प्रावधान रखा गया हैं।

.5 प्रशिक्षण

शिक्षण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण एक प्रभावी उपकरण हैं। सर्व शिक्षा अभियान में निम्न प्रकार के प्रशिक्षण शिक्षकों हेतु प्रस्तावित किये गये हैं –

विवरण	अवधि	यूनिट लागत	संभागियों की संख्या	कुल लागत
प्रा.वि. स्तर के शिक्षकों का 20 दिवसीय प्रशिक्षण	20 दिन	0.0140	10364	75.278 लाख
उ.प्रा.वि. स्तर के शिक्षकों का 20 दिवसीय प्रशिक्षण	20 दिन	0.0140	11472	123.648 लाख
अप्रशिक्षित शिक्षकों हेतु 60 दिवसीय प्रशिक्षण	60 दिन	0.042	166	6.972 लाख
नव चयनित शिक्षकों हेतु विषय गत प्रशिक्षण	30 दिन	0.021	648	13.608 लाख
शाला प्रबन्धन समिति सदस्यों का प्रशिक्षण	2 दिन	0.0006	11568	6.941 लाख

अध्याय – 7

विशिष्ट फोकस ग्रुप

भूमिका

झालावाड़ जिलें में कुछ जातियां एवं समुदाय अपनी जातिगत, भौगोलिक एवं आर्थिक कारणों से अत्यन्त पिछड़े हुए हैं। इन जातियों / समुदाय के बालक / बालिकाऐं को प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ना एक चुनौती पूर्ण कार्य हैं। आजादी के बाद से अब तक अनेक सरकारी एवं गैर सरकारी प्रयास भी इनमे शैक्षिक जाग्रति नहीं ला सके इसलिये ये समुदाय समाज की मुख्य धारा से कटे हुए तथा पृथक–कृत हैं। इन परिवारों / समुदायों के शिक्षा हेतु विशिष्ट प्रयास एवं कार्य योजना इस अध्याय के अन्तर्गत समाहित किये गये हैं।

मोटे रूप से विशिष्ट फोकस ग्रुप में पिछड़ी जातियां (अनु.जाति, अनु.जन–जाति एवं अन्य पिछड़ी जाति), घुमंतु परिवार, कामकाजी बच्चे, विकलांग बालक–बालिका एवं जैण्डर संवेदनशीलता आते हैं। जिनके लिए विशेष प्रकार के शैक्षिक प्रयास सर्व शिक्षा अभियान की योजना में सम्मिलित किये गये हैं।

जैण्डर संवेदनशीलता

बालक / बालिका में भेद करके बालिकाओं को शिक्षा से वंचित रखना तथा बालिकाओं की शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता से जिलें के कुछ पंचायत समितियों यथा : डग, मनोहरथाना एवं बकानी में बालिकाओं का नामांकन बालकों की अपेक्षा कम हैं। समेकित नामांकन से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होती परन्तु बालक एवं बालिकाओं की नामांकन स्थिति से ये स्थिति स्पष्ट होती हैं। बालिका नामांकन को बढ़ाने, बढ़े हुए नामांकन का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए कई गतिविधियां सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित की गई हैं। जिनमें से प्रमुख निम्न हैं–

1. प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में महिला पैरा टीचर की नियुक्ति ।
2. बालिकाओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण(राज्य सरकार द्वारा वितरित)
3. विद्यालयों में बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय एवं मूत्रालय सुविधा।
4. विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण मॉड्यूल में जैंण्डर संवेदनशीलता पर शिक्षकों, जन–प्रतिनिधियों में जाग्रति पैदा करना।
5. ब्रिज कोर्स

समुदाय के कुछ ऐसे परिवारों के बालक – बालिकाऐं जो 6 वर्ष से अधिक आयु के हो चुके हैं उनकी शिक्षा व्यवस्था हेतु सर्व शिक्षा अभियान में ब्रिज कोर्स प्रस्तावित किये गये है। ब्रिज कोर्स की मूल अवधारणा एवं अभिप्रेरणा जिलें में डी.पी.ई.पी. योजना द्वारा संचालित ब्रिज कोर्सो की सफलता से संबंधित हैं। ब्रिज कोर्स व्यावस्था के हिसाब से दो प्रकार के हैं – आवासीय एवं गैर आवासीय 12 एवं 6 ब्रिज कोर्स प्रास्तावित किये गये है । इस हेतु 58.752 लाख की राशि प्रस्तावित की गई है ।

विकलांग बालक–बालिकाओं की समेकित शिक्षा

जिले में शिक्षा आपके द्वार योजना में विकलांग बालक / बालिकाओं के सर्वे में विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं का चिन्हिकरण किया गया है। इन बालक बालिकाओं को मोटे रूप चार वर्गो में बांटा गया हैं –

1. अंधता
2. मूक बर्धिता
3. अस्थि विकलांगता
4. मानसिक विकलांगता

इन बालकों को सर्वे के बाद सर्व शिक्षा अभियान में निम्न प्रकार की सुविधाओं से लाभान्वित किया जाना प्रस्तावित हैं–

1. बालक / बालिकाओं के मेडिकल कैंम्प ओयाजित कर विकलांगता की पहचान करना।
2. विकलांग बालक / बालिकाओं को चिकित्सको द्वारा सुझाये गये विकलांग उपकरण उपलब्ध करवाना।

जिले में ब्लॉक वार विभिन्न प्रकार के विकलांग बालक / बालिकाओं की संख्यात्मक स्थिति शिक्षा दर्पण 2001 सर्वे के अनुसार निम्न सारणी द्वारा स्पष्ट है –

क.सं.	ब्लॉक का नाम	अंधता	मूक बर्धिता	अस्थि विकलांगता	मानसिक विकलांगता
1	बकानी	28	16	114	15
2	डग	32	24	138	08
3	झालरापाटन	47	34	145	4
4	खानपुर	18	12	147	23
5	मनोहरथाना	35	21	155	8
6	सुनेल	15	8	126	9
	योग	185	115	825	67

प्रत्येक विकलांग बालक / बालिका हेतु सर्व शिक्षा अभियान में 1200.00 रू. प्रति बालक – बालिका से योजना अवधि में 2702 बालक–बालिकाओं हेतु 32.424 लाख का प्रावधान किया गया है।

अनु.जाति एवं अनु.जनजाति के बालक / बालिकाओं की शिक्षा

झालावाड़ जिलें में अनु.जाति एवं अनु.जनजाति के बालक / बालिकाओं की शिक्षा हेतु अनेक गतिविधियां सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित की गई हैं जिले में 1997 के बी.पी. एल. सर्वे के अनुसार अनु.जाति , अनु. जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की ब्लॉक वार संख्या निम्नानुसार हैं–

क. सं.	ब्लॉक का नाम	अनु.जाति			अनु.जनजाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
		बालक	बलिका	योग	बालक	बलिका	योग	बालक	बलिका	योग
1	बकानी	1115	920	2035	978	710	1688	2057	1800	3857
2	डग	1709	1500	3209	11	7	18	754	502	1256
3	झालरापाटन	1522	1216	2738	1340	820	2160	1484	1010	2494
4	खानपुर	1641	1310	2957	750	600	1350	1926	1800	3726
5	मनोहरथाना	1024	1020	2044	1920	1818	3738	2720	2016	4736
6	सुनेल	1713	1513	3226	410	307	717	1198	904	2102
	योग	8724	7479	16203	5409	4262	9671	10139	8032	18171

(स्त्रोत – जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, झालावाड़)

साथ ही जिले में 2001 .की जनगणना के अनुसार अनु.जाति की कुल आबादी एवं अनु.जनजाति की कुल आबादी निम्नानुसार हैं –

क.सं.	जति	पुरूष	महिला	योग
1	अनु.जाति	106060	97239	203299
2	अनु.जनजाति	73299	67022	140321

(स्त्रोत – जिला सांख्यिकी अधिकारी, झालावाड़)

जिले में अनु.जाति अनु.जनजाति के 6–14 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की संख्या निम्न हैं –

क.सं.	जाति	बालक	बालिका	योग
1	अनु.जाति	212122	19447	40659
2	अनु.जनजाति	14660)	13404	28064

(स्त्रोत – जिला सांख्यिक्की अधिकारी, झालावाड़)

जिले में अनु.जाति एवं अनु.जनजाति के 6–14 आयु वर्ग के बालक / बालिकाओं का नामांकन निम्न हैं–

क.सं.	जति	बाल्लक	बालिका	योग
1	अनु.जाति	222207	14824	37031
2	अनु.जनजाति	165556	11383	27939

(स्त्रोत्– खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी.:: बकानी / डग / झा.पाटन / म.थाना / सुनेल / खानपुर)

उपरोक्त सारणियों से स्पष्ट से संकेत बाल्लिकाओं में शिक्षा से वंचित होने के प्रतीत होते हैं। सर्व शिक्षा अभियान में इस हेतु प्रस्तावित गतिविधियां निम्न हैं–

1. घर–घर सम्पर्क कर जाग्रति पैदा करना।
2- ठहराव हेतु ठहराव पंजिका संधारित करना।
3- अधिक आयु की बालिकाओं के लिए आवासीय एवं गैर आवासीय ब्रिज कोर्स की व्यवस्था।
4- कमजोर स्तर के बालक / बालिकाओं के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन।

कक्षा 6 से 8 के अध्ययनरत 34400 अनु.जाति/जनजाति के बालको हेतु 100 रू. प्रति बालक से योजना अवधि में 34.400 लाख का प्रावधान निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों हेंतु किया गया हैं ।

घुमंतु परिवार वाले बालक / बालिकाओं के शिक्षा

जिले के मनोहरथाना, डग एवं बकानी ब्लॉक के मजदूर वर्ग के व्यक्ति वर्ष के कुछ महिनों में काम धंधों की तलाश में जिले के बाहर राज्य के बाहर मध्य प्रदेश में पलायन कर जाते हैं ऐसे परिवारों के बालक / बालिकाओं की शिक्षा ड्राप आउट के कारण बूरी तरह से प्रभावित होती है। इसके साथ ही जिले में तंवर, राजपूत जाति के निर्धन व्यक्ति काम धंधे

की तलाश में अपना घर छोड़कर अन्यत्र आते–जाते रहते हैं। जिले में गाड़िया– लूहार, कालबेलिया, बंजारा एवं साठिया जनजाति के लोग शिक्षा से वंचित हैं।

सर्व शिक्षा अभियान में इनको प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु गतिविधियां/कार्यक्रम प्रस्तावित हैं–

1. घर–घर जाकर सम्पर्क द्वारा जागृति अभियान चलाना।
2. सर्वाधिक पीड़ित समूह के कुछ स्थानो को प्रयोग के तोर पर चयन कर सघन अभियान चलाना।
3. कच्ची बस्तियों में घुमंतु लोगों का अलग से सर्वे कराना।

कामकाजी बच्चों के लिए शिक्षा

जिले में घरेलू एवं कूटीर उद्योग तथा असंगठित उद्योगो में बहुत से 6–14 आयु वर्ग के बालक / बालिकाऐं श्रम कार्य में नियोजित हैं ये बालक / बालिकाऐं अपने परिवार के लिए नियमित / अनियमित आय का स्त्रोत् भी हैं ऐसे बालक / बालिकाओं को नियमित एवं औपचारिक विद्यालयों में सामूहिक प्रयासों से प्रवेश तो दिलाया जा सकता हैं परन्तु ठहराव सम्भव नहीं होता हैं। अतः सर्व शिक्षा अभियान में ऐसे बालकों के लिए निम्न गतिविधिया प्रस्ताविक की गई हैं–

1. बालक / बालिकाओं हेतु आवश्यकता आधारित वोकेश्नल कोर्स हेतु सर्वे करना।
2. समुदाय शिक्षक द्वारा शिक्षण।

—

अध्याय – 8

अनुसंधान मूल्यांकन, परिवीक्षण एवं प्रबोधन

भूमिका

सर्व शिक्षा अभियान में प्रचलित विधियो, कार्यक्रमों से हटकर नवीन प्रक्रिया एवं गतिविधियों, उत्प्रेरकों से लक्ष्य एवं उद्धेश्यों को प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया के रूप में स्वीकार किया गया हैं। संक्षेप में इसे **अनुसंधान** कहते हैं।

गतिविधियों/कार्यक्रमों की समीक्षा एवं प्रगति का आंकलन करना एवं समीक्षा करना तथा कम या अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारणों का पता लगा कर नई रणनीति तैयार करना तथा लक्ष्यों को प्राप्त करना **मूल्यांकन** कहलाता हैं।

कार्यक्रमों/गतिविधियों के क्रियान्विति में समय सीमा का निर्धारण धन–राशि में करने की जांच/समीक्षा अत्यन्त आवश्यक हैं। **परिवीक्षण** में कार्यक्रम/ गतिविधियों में आने वाले अवरोध/कठिनाईयों का पूर्वानुमान जिला/ब्लॉक/संकुल स्तर पर पदस्थापित परियोजना कार्मिको द्वारा समय–समय पर किया जाता हैं। **प्रबोधन** में कार्यक्रम/गतिविधियों आने वाले अवरोध/कठिनाईयों का अध्ययन कर तद्नुसार एक रणनीति बनाई जाती हैं तथा आसन्न संकट की तात्कालिक जानकारी अविलम्ब प्राप्त कर दूर करने के प्रयास किये जाते हैं।

अनुसंधान

विद्यालय/संकुल/ब्लॉक स्तर पर शैक्षिक कार्यक्रमो, अवरोधों तथा विद्यालय / ब्लॉक विशेष की समस्याओं का अध्ययन करना तथा क्रियात्मक अनुसंधान के द्वारा समस्याओं को जानना अनुसंधान प्रक्रिया का एक अंग हैं।

सर्व शिक्षा अभियान में प्रत्येक राजकीय प्राथमिक विद्यालय /उच्च प्राथमिक विद्यालय/अन्य विधालयो हेतु 1400.00 रू. नवाचार गतिविधियों में प्रस्तावित हैं, इस मद में प्राथमिक विद्यालय हेतु 47.734 लाख रूपयें एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु 16.128लाख का प्रावधान रखा गया हैं। नवाचार गतिविधियों में ई.सी.ई., बालिका एवं जैण्डर शिक्षा, विशिष्ठ फोकस समूह आदि पर गतिविधियां प्रस्तावित की गई हैं।

.3 मूल्यांकन

सर्व शिक्षा अभियान में समस्त अकादमिक, शैक्षिक, सामुदायिक तथा सिविल गतिविधियों की मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक समीक्षा का प्रावधान मूल्यांकन के अंतर्गत रखा गया हैं। इससे प्रत्येक स्तर पर आने वाली कठिनाईयों/समस्याओं को तत्काल जाना जा सकता हैं एवं उनका संभव हल खोजा जा सकता है। संकुल, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर प्रगति की सूचनाएं नियमित एवं व्यवस्थित प्रक्रिया से प्राप्त करने के लिए मास्टर प्रपत्र निर्मित करना तथा बिना श्रम एवं समय गवायें विद्यालय से लेकर जिला स्तर तक की सूचना को स्वतः समेकित करने की कम्प्यूटर प्रणाली की जावेगी ।

परिवीक्षण

परिवीक्षण के अन्तर्गत एक निश्चित रणनीति के द्वारा कार्यक्रम की प्रगति एवं समीक्षा परियोजना के जिला/ब्लॉक/संकुल स्तर के कार्मिको द्वारा मौके पर जाकर प्राप्त की जाती हैं।

परिवीक्षण में एक समय पर गतिविधि की समस्त जानकारी प्राप्त हो तथा कोई अंश/भाग अछुता नहीं रहे इसलिये पूरी तैयारी एवं निर्धारित प्रपत्रों में सूचनाऐं भरकर लाई जाती हैं।

परिवीक्षण में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण/मीटिंग/गतिविधि की ठीक–ठीक जानकारी प्राप्त करने तथा उसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबोधन देने हेतु भी परिवीक्षण आवश्यक हैं। सर्व शिक्षा अभियान में जिला परियोजना कार्यालय स्तर पर प्रति माह ब्लॉक के स्तर के अधिकारियों की तथा संकुल स्तर के संकुल प्रभारियों की ब्लॉक स्तर पर मीटिंग आयोजित कर परिवीक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त करने की कार्य योजना प्रस्तावित की गई हैं। परिवीक्षण का मुख्य उद्धेश्य केवल कम्मियां निकलना अथवा आलोचना करना नहीं वरन् वास्तविक कठिनाईयों का पता लगाकर प्रगति की गति को बढ़ाने एवं लक्ष्यों को प्राप्त करना हैं।

प्रबोधनः–

सर्व शिक्षा अभियान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के सफल संचालन हेतु वास्तविक तथ्यपरक एंव उचित सूचनाओं का विधिवत संकलन करना तथा संकलित सूचनाओं के आधार पर जारी गतिविधियों की कम्मी/असफलता/प्रगति/सफलता निर्धारित

करने हेतु उपयोग करना प्रबोधन कहलाता है। सर्व शिक्षा अभियान में प्रबोधन को एक आवश्यक उपकरण मानकर सूचनाओं के संकलन एंव विश्लेषण हेतु प्रबन्ध तंत्र की संकल्पना की गई है।

सूचना संकलन तंत्र कार्य नियोजन एंव आर्थिक दृष्टि के आधार पर निम्न प्रकार की सूचना तंत्र प्रस्तावित किये गये है:–

i. शैक्षिक प्रबन्धन सूचना तंत्र**(E.M.I.S)**

ii. योजना प्रबन्धन सूचना तंत्र**(P.M.I.S)**

iii. वित्तीय प्रबन्धन सूचना तंत्र**(F.M.I.S)**

6.1 शैक्षिक प्रबन्धन सूचना तंत्र(E.M.I.S):-

इसके अन्तर्गत जिले में प्रारम्भिक कक्षाओं को संचालित करने वाले समस्त राप्रावि/राउप्रावि/मावि/राउमावि/रा.गा.पा./वैकल्पिक विधालय/मान्यता प्राप्त प्रावि, उप्रावि एंव मावि से निर्धारित **E.M.I.S** प्रपत्रों में विधालय की **शैक्षिक,भौतिक एंव मानव संसाधन की समस्त सूचनाओं को संकलित किया जाता है तथा जिला स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के योजना निर्माण में लक्ष्य एंव आवश्यकता निर्धारण हेतु आंकडों का उपयोग किया** जाता है।

6.2 योजना प्रबन्धन सूचना तंत्र(P.M.I.S):-

सर्व शिक्षा अभियान में निर्मित योजना की कम्पोनेन्ट वार विभिन्न गतिविधियों की त्रैमासिक, भौतिक एंव वित्तीय प्रगति की सूचना निर्धारित **P.M.I.S** प्रपत्रों में प्राप्त की जाती है। गतिविधियों की प्रगति में अपेंक्षित स्तर नहीं होने/संतोषप्रद प्रगति नहीं पाये जाने पर उसके संभावित विभिन्न कारणों की समीक्षा कर आगामी माहों में प्रगति सुनिश्चित की जाती है।

6.3 वित्तीय प्रबन्धन सूचना तंत्र(F.M.I.S):-

निदेशालय,राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद्,जयपुर से प्राप्त राशि का आमद एंव दैनिक विभिन्न गतिविधियों में किया गया खर्च चाहे वह जिला परियोजना कार्यालय से सम्बन्धित हो या खण्ड/संकुल/एस.एम.सी. से सम्बन्धित हो,का दैनिक रोकड संधारण कम्प्युटर पर कर अत्यन्त परिवर्धित कम्प्युटर प्रोगाम **F.M.I.S** के अन्तर्गत संधारित किया जाता है।

संक्षेप में हाथ से लिखी रोकड बुक एंव लेजर के स्थान पर कम्प्युटर पर निर्मित प्रोगाम में रोकड बुक एंव लेजर का संधारण किया जाता है।यह एक अत्यन्त जटिल एंव संवेदनशील प्रकिया है,परन्तु इसके माध्यम से बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के राज्य/जिला स्तर पर किसी भी प्रकार के आय एंव व्यय सम्बन्धी लेखों का विवरण तुरन्त प्राप्त किया जा सकता है।

6 एम.आई.एस. स्टाफः–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत डी.पी.ई.पी. द्वारा शुरू की गई कम्प्युटर कार्य प्रणाली को और आगे बढाते हुए ब्लाक स्तर तक पहुचाने का प्रयास किया गया है। इस हेतु जिला परियोजना कार्यालय पर .एम.आई.एस. इन्चार्ज का एक पद प्रस्तावित किया गया है।

7 एम.आई.एस.संसाधनः–

सूचना तंत्र को ठीक से व्यवस्थित रूप देने के लिए संसाधनों की उपलब्धता निम्नानुसार प्रस्तावित की गई हैः–

- जिला मुख्यालय पर 5 कम्प्युटर सिस्टम मय आपरेटर (किराये पर) उपलब्ध कराना ।
- प्रत्येक ब्लाक संदर्भ केन्द्र पर एक कम्प्युटर सिस्टम मय आपरेटर (किराये पर) उपलब्ध कराना ।
- जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक कम्प्युटर सिस्टम मय आपरेटर (किराये पर) उपलब्ध कराना ।
- प्रत्येक ब्लाक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक कम्प्युटर सिस्टम मय आपरेटर (किराये पर) उपलब्ध कराना ।

अध्याय – 9
प्रबंधन एवं संस्थाओं का क्षमता विकास

.1 भूमिका

किसी भी योजना की तरह सर्व शिक्षा अभियान में भी एक निश्चित प्रबन्धन तंत्र विकसित किया गया हैं प्रबन्धन में जिला स्तर पर योजना निर्माण एवं योजना की विभिन्न गतिविधियों के संचालन तथा उनकी समीक्षा हेतु एक प्रकिया निर्धारित की गई हैं ।

नीतियों एवं प्रक्रियाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए जिला /ब्लॉक/संकुल एवं शाला स्तर पर निश्चित संस्थाओं की संकल्पना की गई हैं तथा इन संस्थाओं का क्षमता विकास सर्व शिक्षा अभियान का ग्महत्वपूर्ण पहलू हैं। संक्षेप में इस अध्याय के अंतर्गत प्रबंधन एवं संस्थाओं के क्षमता विकास संबंधी रणनीतियों का विववेचन किया गया हैं।

2 प्रबंधन

प्रबंधन के अंतर्गत जिला स्तर पर वर्तमान्न में संचालित डी.पी.ई.पी. के जिला परियोजना कार्यालय के पद व्यवस्था को यथा स्थिाति में स्वीकार किया गया हैं। संक्षेप में सर्व शिक्षा अभियान में जिला स्तर पर जिला परियोजना कार्यालय में निम्न स्टाफ व्यवस्था को प्रस्तावित किया गया हैं जो जिला स्तर पर प्रबंधना शीर्षक में वर्णित हैं।

.1 जिला स्तर पर प्रबंधन –

वर्तमान में जिला परियोजना कार्यालय डी.पी.ई.पी. में निम्नानुसार पद व्यवस्था हैं इसे सर्व शिक्षा अभियान में इसी रूप में प्रस्तावित किया गया हैं।

विवरण	पद संख्या	प्राति वर्ष वेतन मद में स्वीकृत राशि (लाख में)
जिला परियोजना समन्वयक	1	2.400
सहायक परियोजना समन्वयक	4	8.160
सहायक अभियंता	1	1.800
कार्यक्रम सहायक	3	4.320
सहायक लेखाधिकारी	1	1.680
एम.आई.एस. इन्चार्ज	1	1.200.
वरिष्ठ लिपिक	1	0.840
कनिष्ठ लिपिक	1	0.600
कम्प्यूटर आपरेटर (अनुबन्द पर)	4	1.920
सहायक कर्मचारी (अनुबन्द पर)	3	0.918
वचमैन	1	0.306

इसके अतिरिक्त जिला परियोजना कार्यालय पर कार्यालय में वाहन, भवन किराया, कार्यालय व्यय, यात्रा–भत्ता, आवर्तक एवं अनावर्तक व्यय में 33.00 लाख रू. का प्रावधान किया गया है।

4.2 ब्लॉक स्तर पर प्रबंधन

सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर खण्ड संदर्भ केन्द्र की संकल्पना को यथावत रखते हुए निम्न पदों कों प्रस्तावित किया गया हैं–

विवरण	पद संख्या	प्रति वर्ष वेतन मद में स्वीकृत राशि (लाख में)
खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी	6	11.760
संदर्भ व्यक्ति	18	25.920
कनिष्ठ अभियन्ता	6	8.640
कनिष्ठ लेखाकार	6	6.480
कम्प्यूटर आपरेटर (अनुबन्द पर)	6	2.880
कनिष्ठ लपिक	6	3.600
सहायक कर्मचारी (अनुबन्द पर)	6	1.836

इसके अतिरिक्त मिटिंग, यात्रा भत्ता, कंटिनजेंसी एवं टी.एल.एम. राशि में 5.640 लाख का प्रावधान किया गया है।

4.3 संकुल स्तर पर प्रबंधन

जिले के 6 पंचायत समितियों में डी.पी.ई.पी. द्वारा संचालित 96 संकुलों को सर्व शिक्षा अभियान में यथावत रखा गया हैं। ब्लॉक वार संकुलों की संख्या निम्न हैं –

ब्लॉक का नाम	संकुल संदर्भ केन्द्रों की संख्या
झालरापाटन	19
ब्कानी	15
खानपुर	14
सुनेल	15
डग	14
मनोहर थाना	19
योग	96

संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारीयों हेतु प्रति वर्ष 115.200 लाख राशि वेतन मद में स्वीकृत की गई हैं तथा फर्नीचर,कन्टीन्जेन्सी,टी.एल.एम. राशि, यात्रा–भत्ता एवं मिटिंग हेतु 22.656 लाख राशि का प्रावधान किया गया हैं ।

संस्थाओं का क्षमता विकास

सर्व शिक्षा अभियान में जिला, ब्लॉक, संकुल एवं शाला स्तर पर विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को गठित करने तथा पूर्व में संचालित संस्थाओं को मजबूत करने के प्रयास प्रस्तावित किये गये हैं। इन संस्थाओं का परिचय कार्य विधि तथा इनके कार्यक्रमों का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत हैं–

.1 अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा से समन्वयन एवं कार्यालय सुदृढीकरण

प्रारम्भिक शिक्षा को जिला स्तर पर प्रशासनिक गति प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 1991 में जिला शिक्षा अधिकारी का पद एवं कार्यालय पृथक से सृजित किये गये हैं साथ ही क्रमिक रूप से उप जिला शिक्षा अधिकारी, वरिष्ठ उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद एवं कार्यालय प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर स्थापित किये गये। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने ब्लॉक में तथा जिला शिक्षा अधिकारी/अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा पूरे जिले में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, राजीव गांधी स्वर्ण जयन्ती पाठशाला एवं मान्यता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का संचालन एवं प्रशासनिक नियन्त्रण करते हैं। इनके प्रमुख कार्य पद स्थापन, स्थानान्तरण, आहरण, वितरण एवं बजट नियन्त्रण एवं उपयोग तथा प्रारम्भिक शिक्षा के अकादमिक कार्य के साथ–साथ प्रशासनिक कार्य करते हैं। सर्व शिक्षा अभियान में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी का महत्व एवं उपयोगिता बहुत गहरे अर्थो में स्वीकार की गई है। इसलिये इस योजना में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा एवं जिला परियोजना समन्वयक में निम्न क्षेत्रों में समन्वय एवं तालमेल रेखांकित एवं चिन्हित किया गया हैं। यह क्षेत्र अंतिम नहीं हैं समय के साथ साथ प्रोजेक्ट की गतिशिलता आने पर आवश्यकता अनुभूत नये क्षेत्रों में भी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा से सहयोग एवं समन्वय लिया जाता रहेगा।

नामांकन एवं ठहराव के वर्ष वार लक्ष्य निर्धारित करने एवं लक्ष्य प्राप्ति में।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों के क्रमोन्निति प्रस्ताव तैयार करने में।

)

- प्रशिक्षणों के आयोजनों में शिक्षकों की उपस्थिति एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने में।
- प्रशिक्षण उपरान्त शिक्षकों द्वारा सीखें अनुभवों को विद्यालय में दैनिक पठन–पाठन में उपयोग सुनिश्चित करने में।
- विद्यालय को दी जाने वाली प्रति वर्ष विद्यालय सुविधा अनुदान (SFG) के प्रभावी उपयोग में।
- प्रारम्भिक शिक्षा से जुड़े राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/राजीव गांधी पाठशाला के शिक्षकों को प्रति वर्ष दी जाने वाली शिक्षण अधिगम सामग्री TLM राशि के प्रभावी एवं सार्थक उपयोग में।
- विद्यालयों के मरम्मत, अतिरिक्त कक्षा कक्ष, नवीन भवन, शौचालय, पेयजल, चार दिवारी की मांग के प्रस्ताव तैयार करने में।
- विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण में सुधार कर विद्यालयों के सौन्दर्यकरण में सहयोग।
- प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के अभियान की उदासीनता एवं अनुत्तरदायी रूप से लेने वाले शिक्षको के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाहीं करने में।
- शिक्षा से वंचित बालक/बालिकाओं को प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ने तथा उनकी नियमितता सुनिश्चित् करने में।
- राजीव गांधी पाठशाला/राजकीय प्राथमिक विद्यालय/राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पद स्थापित पैरा टीचर की भूमिका को बेहतर बनाने एवं उनकी कार्यदशता बढ़ाने हेतु।
- बढ़े हुए नामांकन के फलस्वरूप अतिरिक्त शिक्षकों की मांग एवं आवश्यकता आकलन में।

इस हेतू एक वाहन किराये पर लेने की सुविधा,उपकरण,कम्प्यूटर मय आपरेटर सहित सुविधा तथा रेकरिंग व्यय का प्रावधान रखा गया है जिस पर राशि 11.500 लाख प्रस्तावित किये गये है।

9.3.2 अतिरिक्त विकास अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा से समन्वयन एवं कार्यालय सुदृडीकरण

प्रत्येक ब्लाक पर अतिरिक्त विकास अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा का कार्यालय संचालित है। इन कार्यालय हेतु

वाहन भत्ता की सुविधा,उपकरण,कम्प्यूटर मय आपरेटर सहित सुविधा तथा रेकरिंग व्यय का प्रावधान रखा गया है जिस पर राशि 30.540 लाख प्रस्तावित किये गये है।

3.3 जिला शाषी परिषद (G.C.)–

डी.पी.ई.पी. में जिला शाषी परिषद् के गठन एवं अर्द्धवार्षिक बैठकों का प्रावधान हैं। सर्व शिक्षा अभियान में भी डी.पी.ई.पी. के अनुभवों को जारी रखते हुऐ जिला शाषी परिषद का महत्व एवं उपयोग उसी रूपा में स्वीकार किया गया हैं। जिला शाषी परिषद सम्पूर्ण जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों, उद्धेश्यों एवं कार्यक्रमों की अर्द्धवार्षिक रूप से समीक्षा कर लागू करने का कार्य करेगी। जिला शाषी परिषद के सदस्य निम्नानुसार होगें –

जिला स्तर पर :–

- जिला प्रमुख (अध्यक्ष)
- जिला परियोजना समन्वयक, ड़ी.पी.ई.पी., (सचिव)
- जिला कलक्टर
- जिला परिषद की शिक्षा समिति का सदस्य
- परियोजना निदेशक, विकास
- अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी
- जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारं.), जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक)
- प्रधानाचार्य, डाईट
- सेवानिवृत शिक्षाविद्द (2)
- मुख्य चिकित्सा अधिकारी

जिला निष्पादन समिति (E.C.)–

शाषी परिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों एवं प्रस्तावों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु जिला स्तरीय जिला निष्पादन सम्मिति का गठन सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित है। जिला निष्पादन समितियों के सदस्य निम्नानुसार हैं–

- जिला कलक्टर (अध्यक्ष)
- जिला परियोजना समन्वयक (सचिवा)
- अतिरक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी((सदस्य)

- प्रधानाचार्य, जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान(सदस्य)
- समस्त ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)
- समस्त खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी (सदस्य)
- सेवानिवृत अध्यापक / शिक्षा अधिकारी (सदस्य)
- शिक्षण संगठनों के प्रतिनिधि / अध्यापक (सदस्य)

जिला निष्पादन समिति वर्ष में चार बार त्रेमासिक रूप से बैठकें कर जिला निष्पादन समिति के प्रस्तावों / निर्णयों को क्रियान्वित करेगी साथ ही विगत तीन माह में की गई गतिविधियों की प्रगति का कम्पोनेंट वार समीक्षा करेगी।

.5 जिला संदर्भ समूह (D.R.G.)–

सर्व शिक्षा अभियान के बौद्धिक एवं अकादमिक पक्ष को व्यवस्थित, नियमित, लोकतांत्रिक एवं संस्थागत स्वरूप प्रदान करने हेतु जिला संदर्भ समूह की अवधारणा प्रस्तावित की गई हैं। औपचारिक प्राथमिक शिक्षा, वैकल्पिक शिक्षा प्रशिक्षण, सिविल कार्य हेतु चार जिला संदर्भ समूह गठित करने एवं इनकी त्रेमासिक बैठकों का प्रावधान प्रस्तावित हैं, प्रत्येक जिला संदर्भ समूह में एक कार्यक्रम प्रभारी, एक डाईट का संदर्भ व्यक्ति, एक सेवानिवृत शिक्षाविद्, एक अभियन्ता एवं एक योग्य अनुभवी अध्यापक होते हैं।

6 खण्ड संदर्भ केन्द्र(B.R.C.) :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर खण्ड संदर्भ केन्द्र संचालित हैं। सर्व शिक्षा अभियान में खण्ड संदर्भ केन्द्र के महत्व को स्वीकार करते हुए उनको मौजूदा स्वरूप में ही चलाने का प्रावधान हैं। खण्ड संदर्भ केन्द्र द्वारा निम्न कार्य सम्पादित किये जाने हैं (वर्तमान में भी किये जा रहे हैं)

शिक्षकों के प्रशिक्षण –

प्रेरण, अभिनवन प्रशिक्षण एवं विषय गत प्रशिक्षण सेवारत एवं पैरा टीचर हेतु प्रशिक्षण करवाना।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का प्रशिक्षण आयोजित करना।

संकुल प्रभारियों की मासिक बैठक आयोजित करना।

माह में न्यूनतम् एक संकुल का वर्ष में एक बार निरिक्षण करना।

किसी एक संकुल एवं एक संदर्भ व्यक्ति को चयन कर आदर्श संकुल तथा आदर्श संदर्भ व्यक्ति निर्मित करना।

माह में न्यूनतम एक प्राथमिक विद्यालय/उच्च प्राथमिक विद्यालय/वैकल्पिक विद्यालय/ई. सी.ई. केन्द्र का खण्ड संदर्भ व्यक्ति अथवा संकुल संदर्भ व्यक्ति द्वारा अवलोकन करवाना।

समुदाय से सहभागिता स्थापित करना।

जनप्रतिनिधियों एवं ब्लॉक स्तर पर संचालित गैर सरकारी संगठनों से समन्वय स्थापित करना।

जिला परियोजना कार्यालय/डाईट/संकुल केन्द्र तथा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के मध्य समन्वय स्थापित करना।

दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों का आयोजन करवाना।

जिला स्तरीय एम.आई.एस. को संकुल एवं ब्लॉक की सूचना उपलब्ध करवाना।

शाला प्रबन्धन समितियों को गति प्रदान करना।

वातावरण निर्माण में प्रभावी भुमिका निभाना।

निर्माण कार्यो की विद्यालय वार सूचना संकलित करना एवं निर्माण कार्यो की सामान्य प्रगति प्राप्त करना।

प्रत्येक खण्ड संदर्भ केन्द्र पर एक खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी, तीन संदर्भ व्यक्ति, एक कैशियर कम टाईपिस्ट, एक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर, एक सहायक कर्मचारी के पद प्रस्तावित किये गये हैं। प्रत्येक खण्ड संदर्भ केन्द्र के संचालन का वार्षिक बजट 6.00 लाख रूपयें हैं।

खण्ड शिक्षा समिति (B.E.C.)–

ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों, प्रारम्भिक शिक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं सर्व शिक्षा अभियान से जुड़े पदाधिकारियों के बीच सार्थक संवाद एक रचनात्मक सहयोग की निरन्तरता बनाये रखने हेतु खण्ड शिक्षा समिति के गठन एवं त्रैमासिक बैठकों के आयोजन का प्रावधान हैं। खण्ड शिक्षा समिति में निम्न सदस्य हैं–

ब्लॉक स्तर पर :–

- प्रधान (अध्यक्ष)
- ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, डी.पी.ई.पी.(सचिव)
- ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी
- पंचायत समिति की शिक्षा समिति के दो सदस्य
- प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय

विशेष आगन्तुक

सी.डी.पी.ओ.

ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारी

सेवानिवृत अध्यापक

त्रैमासिक बैठकों में विगत तीन माह की परियोजना के कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा एवं आगामी तीन माह हेतु होने वाली गतिविधियों हेतु रणनीति तैयार करना तथा लक्ष्य निर्धारित करने हेतु विचार विमर्श किया जायेगा।

संकुल संदर्भ केन्द (C.R.C)–

सर्व शिक्षा अभियान में डी.पी.ई.पी. द्वारा संचालित पूरे जिले में 96 संकुलों को यथा स्थिति स्वीकार किया गया हैं। पूरे जिले में ब्लॉक वार संकुलों की संख्या निम्नानुसार हैं ।

क.सं.	ब्लॉक	संकुल संख्या
1.	झालरापाटन	19
2.	खानपुर	14
3.	बकानी	15
4.	सुनेल	15
5.	डग	14
6.	मनोहरथाना	19
		96

वर्तमान में संकुल संदर्भ केन्द्र 2 से 3 ग्राम पंचायतों, एक नगरपालिका की परिधि में स्थित हैं। प्रत्येक संकुल पर निम्न कार्मिक पदस्थापित हैं –

1. संकुल संदर्भ केन्द्र सहयोगी
2. महिला बालिका प्रेरक(GCM))

इनके वर्तमान स्वरूप को सर्व शिक्षा अभियान में यथावत प्रस्तावित किया गया हैं प्रत्येक संकुल संदर्भ केन्द्र का वार्षिक संचालन बजट 2.00 लाख रूपयें हैं। संकुल संदर्भ केन्द्र द्वारा निम्न कार्य किये जाने प्रस्तावित हैं। (वर्तमान में डी.पी.ई.पी. के अन्तर्गत ये सभी कार्य किये जा रहे हैं)

प्रत्येक विद्यालय का शाला मानचित्रीकरण, सुक्ष्मनियोजन एवं विद्यालय का कैचमेन्ट एरिया निर्धारित करना।

शाला प्रबन्धन समितियों का गठन एवं अभिमुखीकरण।

शिक्षक/पैरा टीचर की मासिक बैठकें आयोजित कराना।

ई.सी.ई. प्रेरक/बालिका मंच की त्रैमासिक बैठके आयोजित करना।

संकुल स्तर पर बाल–मेल, कला जत्था एवं महिला बैठकों का आयोजन करवाना।

विद्यालयों में निर्माण कार्यो के लिए भवन निर्माण समितियों का गठन करवाना।

विद्यालयों से नामांकन, ठहराव की मासिक सूचनाऐं प्राप्त कर खण्ड संदर्भ केन्द्र पर पहुंचाना।

ब्लॉक स्तर की संकुल प्रभारियों की मासिक मीटिंग में भाग लेना।

विद्यालयों में शाला सुविधा अनुदान राशि (SFG) एवं शिक्षण अधिगम सामग्री (TLM) हेतु दी गई राशि के प्रभावी उपयोग की सुनिश्चितता करना।

अपने संकुल क्षेत्र के विद्यालयों से निर्माण कार्यो की सूचना प्राप्त करना एवं जारी निर्माण कार्यो की प्रगति/अवरोधों की जानकारी ब्लॉक के कनिष्ठ अभियंता को देना।

विद्यालयों के शैक्षिक सूचनाऐं, मूल्यांकन एवं प्रबोधन संबंधी सूचनाओं को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर उपलब्ध करवाना।

प्रति वर्ष प्राथमिक विद्यालय से उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय से माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत होने वाले विद्यालयों के प्रस्ताव एवं हो चुके विद्यालयों की सूचना ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पहुंचाना।

शाला प्रबन्धन समितियों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित् करना।

संकुल संदर्भ समूह (C.R.G.)–

प्रत्येक संकुल स्तर पर शिक्षकों एवं संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी को मिलाकर एक संकुल संदर्भ समूह गठित करने का प्रावधान सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित हैं। इसकी मूल अवधारणा एवं कार्य पद्धति डी.पी.ई.पी. से अभिप्रेरित हैं। प्रत्येक संकुल संदर्भ समूह में अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण एवं हिन्दी विषय का एक–एक शिक्षक एवं संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी होता हैं। विषय अध्यापक, सदस्यों एवं संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी संयोजक होता हैं।संकुल संदर्भ समूह का वर्ष में एक बार ब्लॉक स्तर पर अभिमुखीकरण प्रस्तावित हैं। संकुल स्तर पर आयोजित शिक्षकों/पैराटीचर की मासिक बैठकों में संकुल संदर्भ समूह समस्त शिक्षकों/पैरा टीचर को बौद्धिक एवं अकादमिक सम्बलन प्रदान करता हैं। दैनिक पाठ योजना, ग्रह कार्य, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम विभाजन, प्रश्न पत्र निर्माण, शिक्षण अधिगम् सामग्री की उपयोगिता, विषयगत कठिन पाठों को सरल रूप में प्रस्तुत करने की विधा विकसित करने, नामांकन ठहराव, विद्यालय सौन्दर्यकरण एवं विद्यालयों की वार्षिक योजना निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में उत्प्रेरक का कार्य करने हेतु प्रस्तावित किया गया हैं।

शाला प्रबन्धन समिति (S.M.C.)–

प्रत्येक राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजीव गांधी पाठ्यशाला स्तर पर डी.पी.ई.पी. द्वारा गठित शाला प्रबन्धन समितियां एवं उनकी कार्य पद्धति को सर्व शिक्षा अभियान में यथावत् स्वीकार किया गया हैं। शाला प्रबन्धन समिति में निम्न सदस्य प्रस्तावित हैं

- सरपंच/वार्ड पंच (अध्यक्ष)
- प्र.अ.,प्रा.वि./उ.प्रा.वि./रा.गां.स्व.पा. (सचिव)
- वार्ड सदस्य – 5 (1 अ.जा.,1 ज.जा., 1 महिला,2 अन्यं)
- ग्राम सेवक
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
- अध्यापक – 2 (प्र.अ द्वारा मनोनीत)
- अभिभावक/संरक्षक –2 (प्र.अ द्वारा मनोनीत)

आगन्तुक

- ए.एन.एम.
- सेवानिवृत कर्मचारी
- सामाजिक कार्यकर्ता

शाला प्रबन्धन समिति के कुल सदस्यों का एक तिहाई महिलाओं का होना आपेक्षित हैं। वर्ष में एक बार शाला प्रबन्धन समिति का संकुल स्तर पर अभिमुखीकरण प्रस्तावित हैं। अभिमुखीकरण में निम्न बिन्दुओं पर विशेष चर्चा एवं जानकारी का आदान–प्रदान किया जाना प्रस्तावित हैं–

- प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनिकरण की मूल अवधारणा।
- नामांकन, ठहराव एवं गुणात्मक अभिवृद्धि पर विशेष बल।
- सर्व शिक्षा अभियान के उद्धेश्य एवं व्यूह रचनाऐं।
- प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण में जन सहभागिता।
- जैण्डर संवेदनशीलता।
- शाला प्रबन्धन समितियों तथा ई.सी.ई. केन्द्रों द्वारा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य , पोषण, टीकाकरण एवं छोटे बच्चों की सार–संभाल पर अपनी–अपनी सेवाऐं प्रदान करना।

शाला प्रबन्धन समिति के कार्य :–

- ग्राम स्तर पर शाला मानचित्रीकरण, सुक्ष्मनियोजन तथा कैचमेंन्ट एरिया संबंधी कार्य करना।
- भवन रहित विद्यालय हेतु भवन की भूमि का चिन्ह्रीकरण, पट्टा प्राप्त करना , भवन निर्माण समिति का गठन एवं सर्व शिक्षा अभियान से प्राप्त राशि से ब्लॉक के कनिष्ठ अभियन्ता के तकनीकी मार्गदर्शन में निर्माण कार्य करवाना
- शाला भवन की मरम्मत, पेयजल सुविधा, विद्यालय सौन्दर्यकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान करना।
- भवन निर्माण संबंधी सामग्री का क्रय करना एवं तत्संबंधी लेखों का संधारण करना।
- शत् प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित् करना।
- विद्यालय में सभी शिक्षकों की पूरे समय उपस्थिति सुनिश्चित् करना।
- सर्व शिक्षा अभियान में दी गई भवन रख–रखाव राशि 5000/–रूपयें, विद्यालय अनुदान राशि 2000/–रूपये तथा प्रत्येक शिक्षक को दी जाने वाली राशि

500/– रूपयें के प्रभावी उपयोग की रणनीति बनाना, सामग्री क्रय करना एवं समस्त बिल वाउचर का संधारण एवं केश बुक (रोकड़) का संधारण करना।

- विद्यालय स्तर के सांस्कृतिक एवं खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- गांव के वैकल्पिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र / ई.सी.ई. केन्द्रो के प्रभावी संचालन में सहयोग प्रदान करना।
- शिक्षकों को पुरस्कृत करना।
- ग्राम स्तर पर महिला मीटिंग एवं संकुल स्तर पर बाल–मेला, कला–जत्था के आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान करना।
- 1 5 अगस्त, 26, जनवरी, 2 अक्टूबर एवं 20 मई को होने वाली ग्राम–सभाओं में शैक्षिक प्रस्तावों को यथा–पैराटीचर/जी.सी.एम./ई.सी.ई. प्रेरक के चयन संबंधी कार्यवाहीं करना।
- विकलांग बालकों की पहचान कर मेडिकल कैम्प में बालकों को भेजना तथा उपकरण दिलवाना।
- शाला से वंचित बालकों को जोड़ने के नियमित प्रयास करना।

भवन निर्माण समिति (B.N.S.):–

विद्यालय स्तर पर निर्माण कार्य करवाने हेतु शाला प्रबन्धन समिति के सहयोग से भवन निर्माण समिति का गठन सर्व शिक्षा अभियान में डी.पी.ई.पी. की अवधारणा एवं कार्यशैली को यथावत् रूप से स्वीकार किया गया हैं। भवन निर्माण समिति में निम्न सदस्य रखे गये हैं–

सरपंच / वार्ड पंच (अध्यक्ष)

संस्था प्रधान, संबंधित विद्यालय (सचिव)

ग्राम / वार्ड में उपलब्ध निर्माण कार्यो का जानकार कारीगर / मिस्त्री (दो व्यक्ति–सदस्य)

शाला प्रबन्धन समिति से मनोनित उत्साहित व्यक्ति (सदस्य)।

संस्था प्रधान द्वारा मनोनित संस्था में कार्यरत एक अध्यापक (सदस्य)

भवन निर्माण समिति के वर्ष में एक बार कनिष्ठ अभियन्ता के निर्देशन में ब्लॉक स्तर पर B.N.S. प्रशिक्षण दिया जाना प्रस्तावित हैं। इस प्रशिक्षण में सभी सदस्यों, सचिव एवं अध्यक्ष को निर्माण कार्यो की विस्तृत तकनीकी जानकारी ले–आऊट, निर्माण कार्यो का तखमीना बिन्दूवार स्पष्ट किया जाता हैं। प्रशिक्षण के उपरान्त तय सीमा एवं प्राप्त राशि का निर्माण कार्यो में उपयोग कर पूर्णता के बाद उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना, भवन–निर्माण समिति का कार्य हैं। भवन निर्माण से संबंधित सामग्री यथा–पत्थर, ईट, रेत, सीमेंट, लोहा आदि न्यूनतम् बाजार मूल्यों पर एवं गुणवत्ता युक्त स्तर का क्रय करना तथा मजदूरों एवं कारिगरों की व्यवस्था करना एवं निर्माण से संबंधित बिल वाउचर तथा केश बुक संधारित करना, भवन निर्माण समिति का कार्य हैं। निर्माण का अधूरा रहना, मजदूरों का भुगतान नहीं करना, घटिया सामग्री लगाना तथा घटिया स्तर का निर्माण कार्य करवाने तथा बिना जरूरत के अपने पास नगद धन–राशि रखना तथा लेखा संधारण नहीं करने पर **भवन निर्माण समिति पूर्ण रूप से उत्तरदायी हैं ऐसी स्थिति में सर्व शिक्षा अभियान में भवन निर्माण समिति के विरूद्ध कानूनी कार्यवाहीं करने की पूर्ण स्वीकृति प्रस्तावित की गई हैं।**

कोष प्रवाह (Fund Flow):–

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कोष प्रवाह हेतु सुनिश्चित तंत्र विकसित किया गया हैं। भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त धन जो जिलें के विभिन्न गतिविधियों की कियान्विति हेतु दी गई वार्षिक कार्य योजना एवं बजट अनुमोदन पश्चात् ही दी जाती है को निदेशक, रा.प्रा.शि.प. के बैंक खाते में जमा करने का प्रावधान हैं। निदेशालय स्तर से जिला परियोजना समन्वयक के खाते में चैक/डी.डी द्वारा धन राशि जमा होती हैं। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा अपनी मासिक/दैनिक गतिविधियों हेतु राशि आहरित कर खण्ड संदर्भ केन्द्र/ संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारियों के खाते में स्थानान्तरित करदी जाती है। खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी/संकुल केन्द्र प्रभारी द्वारा एस.एम.सी./सीधे संबंधित व्यक्ति को राशि चैक द्वारा दी जाती हैं। कोष प्रवाह के कम को निम्न रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट किया गया है :–

कोष प्रवाह चार्ट


भारत सरकार 75% / राज. सरकार 25% द्वारा प्रेषित् धन
निदेशक राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद
जिला परियोजना समन्वयक
DPO कार्यालय प्रबंधन हेतु
निर्माण कार्य
DPO स्तर की गतिविधियों पर
खण्ड संदर्भ केन्द्र प्रभारी
BRC कार्यालय प्रबंधन हेतु
CRCF
BRC स्तर की गतिविधियों पर
CRC गतिविधियों हेतु
शाला प्रबंधन समिति (S.M.C.) की गतिविधियों पर

अध्याय –10

निर्माण कार्य

10.1 भूमिका:–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम ने निर्माण कार्यों में मिली आशातीत लोकप्रियता एवं सफलता को देखते हुए सर्व शिक्षा अभियान में भी राजकीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक,राजीव गांधी पाठशाला,वैकल्पिक विधालय में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही क्षमता विकास के अन्तर्गत खण्ड संदर्भ केन्द्र एवं संकुल संदर्भ केन्द्रों हेतु भी निर्माण कार्य रखे गये है। निर्माण कार्यो में पूरे पांच वर्षीय योजना की कुल राशि का 33:उच्चतम सीलिंग सीमा रखी गई है।अतरू समस्त प्रस्ताव 33: सीलिंग सीमा को ध्यान में रखते हुए बनाये गये है।सारे निर्माण कार्यों की और भी कई महत्वपूर्ण बातें है जो निम्न है:–

विधालयों के निर्माण कार्यो के प्रस्ताव प्रत्येक विधालय की E.M.I.S पुस्तिका एवं विधालय/संकुल/ब्लाक/जिला स्तरीय योजना बैठक में प्राप्त पुस्तिका के आधार पर तैयार किये गये है।

प्रस्ताव की आवश्यकता एवं मांग के बाद निर्धारित मानदण्डों के अनुसार उनकी वास्तविक मांग का सत्यापन कर प्रस्तावों को अन्तिम रूप से स्वीकार किया गया हैं।

जिले के कुल निर्माण कार्यों के प्रस्तावों की मांग 33%धनराशि से अधिक होने पर प्राथमिकता के आधार पर तय सीमा राशि के प्रस्ताव अन्तिम रूप से स्वीकृत किया गया है।

निर्माण कार्यो में अन्य जिलें में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं यथा जवाहर रोजगार योजना/डी.आर.डी.ए. की विभिन्न योजनाए/अकाल राहत/दसवें ग्याहरवें वित्त आयोग द्वारा किये जाने वाले कायों से मिलान कर प्रस्तावों को अन्तिम रूप दिया गया है ताकि किसी भी स्तर पर दोहराव से बचा जा सके ।

निर्माण कार्यो में गुणवत्ता,स्थानीय तकनीक/संसाधन का उपयोग करते हुए कम लागत एवं समय में सुनिश्चित की जाती है।

निर्माण कार्य ठेके पर नहीं कराकर शाला प्रबन्धन समितियों के माध्यम से करवाने का प्रावधान किया गया है ताकि स्थानीय लोगों की जन सहभागिता एवं भावनात्मक लगाव निर्माण कार्यो में हो सकें।

निर्माण कार्य विधालय भवन,अतिरिक्त कक्षा कक्ष,शौचालय,जल सुविधा,चार दीवारी एवं रेम्पस आदि सम्बन्धित /प्रस्तावित किये गये है जिनकी मांग एवं प्रस्तावित धन राशि बिन्दुवार निम्नानुसार दर्शायी गई है।

निर्माण कार्यो के प्रस्तावों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में डी.पी.ई.पी. योजना अवधि में किये गये कार्यो को घटा कर शेष बने प्रस्तावों को सर्व शिक्षा अभियान में प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया गया हैं। सिविल निर्माण कार्यो के बिन्दूवार मांग एवं प्रस्ताव निम्न रूप से प्रस्तुत हैं –

10.2 भवन विहीन विद्यालय –

पूर्व में संचालित प्राथमिक विद्यालयों के एवं ब्लॉक क्रमोन्नत उच्च प्राथमिक विद्यालय जो भवन रहित स्थिति में हैं, उनमे छात्र संख्या एवं मांग के आधार पर भवन बनाने के प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। डी.पी.ई.पी. योजना से जो प्राथमिक विद्यालय भवन सुविधा से छूट जायेगें उनमे से 203 प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक स्तर के 24 विद्यालय रहित में भवन निर्मित करना प्रस्तावित हैं। 3 कमरें के भवन हेतु यूनिट कॉस्ट 3.60 लाख रू. तथा 2 कमरों के भवन हेतु यूनिट कॉस्ट 2.56 लाख निर्धारित की गई हैं।

भवन विहीन विद्यालयों के भवन निर्माण संबंधी संख्या एवं लागत निम्न सारणी द्वारा स्पष्ट हैं –

विवरण	विद्यालय का प्रकार	भवन का प्रकार	संख्या	यूनिट लागत (लाख में)	कुल लागत(लाख में)
भवन विहीन विद्यालय	प्रा.वि.	3 कमरें	203	3.600	730.800
	उ.प्रा.वि.	5 कमरें	24	2.500	61.400
			284		792.200

अतिरिक्त कक्षा कक्ष एवं प्रधानाध्यापक कक्ष –

